www.amritvichar.com

# अमृत विचार

लखनऊ महानगर

लखनऊ, मंगलवार, 12 मई 2026


## सुविचार



मैं सो गया और मैंने सपना देखा कि जीवन आनंदमय है। मैं जागा और देखा कि जीवन सेवा है। मैंने कर्म किया और देखा कि सेवा ही आनंद है। -रवींद्र नाथ टैगोर

## लखनऊ के प्रमुख समाचार


- शोएब के मोबाइल से मिली आपत्तिजनक सामग्री II
- मरीज की सांस और परिजन का विश्वास 'नर्स' III
- पुलिस बैडमिंटन में सीआरपीएफ-सीआईएसएफ चैंपियन IV


## शहर में आज



- इंदिरा नगर स्थित विकास भवन में जिला पंचायत राज अधिकारी की अध्यक्षता में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण की बैठक- 11:00 बजे से।
- यूपी प्रेस क्लब में इंडियन फेडरेशन ऑफ़ वर्किंग जर्नलिस्ट के अध्यक्ष डॉ. के विक्रम राव की प्रथम पुण्यतिथि पर पत्रकारिता के 200 वर्ष : शीर्षक, वर्तनी और भाषा विषयक संगोष्ठी- 11:00 बजे से।
- कॉलेज ऑफ नर्सिंग, डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में अंतरराष्ट्रीय नर्सेस दिवस पर नर्सों का सम्मान- 2:00 बजे से।
- उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान के निराला सभागार में जन संस्कृति मंच, आस, इप्टा व डॉ. राही मासूम रजा एकेडमी की ओर से भगवान स्वरूप कटियार के 9वें कविता संग्रह शब्द स्तब्ध हैं का लोकार्पण और विमर्श- 3:30 बजे।

☞ पाठक/आयोजक अपने कार्यक्रम की सूचना हमें lko.editor@amritvichar.com और वाट्सएप नंबर 9455224760 पर भी भेज सकते हैं।

# मरीज को जांच के लिए ले जाना था रेडियोडायग्नोसिस विभाग, नहीं मिली एंबुलेंस

**केजीएमयू**

- लिंब सेंटर से परिजन ऑटो में रेडियोडायग्नोसिस विभाग ले गए
- पहुंचने में देरी होने के कारण जांच भी नहीं हो पाई, निराश लौटे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश के सबसे बड़े चिकित्सा संस्थानों में शुमार किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) में रीढ़ की हड्डी के दर्द से परेशान मरीज को जांच के लिए रेडियोडायग्नोसिस विभाग ले जाने के लिए एंबुलेंस नहीं मिल पाई। परिजन मरीज को ऑटो से ले गए, लेकिन देरी होने के कारण जांच नहीं हो पाई। ऑटो से ही मरीज को वापस लिंब सेंटर लाना पड़ा।

बस्ती निवासी मरीज गायत्री का बुधवार को रीढ़ की हड्डी का ऑपरेशन हुआ है। मरीज को तेज दर्द होने पर डॉक्टर ने सोनोग्राफी जांच की सलाह दी। इसके लिए सोमवार को मरीज को लिंब सेंटर से करीब डेढ़ किलोमीटर दूर रेडियोडायग्नोसिस विभाग ले जाना था। बेटे आकाश व बहन जानकी देवी का आरोप है कि अस्पताल के कर्मचारियों ने मरीज को शिफ्ट करने के लिए एंबुलेंस आवंटित कर चालक से बात कराकर उसका मोबाइल नंबर भी दे दिया। इसके बाद भी एंबुलेंस समय पर नहीं पहुंची। करीब एक घंटे तक इंतजार के बाद फिर चालक ने फोन लगाया, लेकिन फोन नहीं उठा। परेशान परिजन ऑटो का सहारा लेना पड़ा। दर्द से कराह रही मरीज को ऑटो में किसी तरह गोद में लिटाकर मुख्य परिसर तक ले जाया गया, लेकिन देरी से पहुंचने के कारण जांच भी नहीं हो सकी। वहां से ऑटो से ही मरीज को लिंब सेंटर लेकर लौटे। तीमारदारों का आरोप है कि संस्थान प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है, जिसका सीधा खामियाजा मरीजों को भुगतना पड़ रहा है।



ऑटो में मरीज को बैठाते तीमारदार। अमृत विचार

### एंबुलेंस चालक कर रहे दलाली

■ यह हाल अकेले गायत्री का नहीं। बल्कि प्रतिदिन एक से दूसरे विभाग शिफ्ट होने वाले तमाम मरीजों का है। एम्बुलेंस चालक मरीजों को शिफ्ट करने में आनाकानी करते हैं। निजी एम्बुलेंस व ई-रिक्शा चालकों से साठगांठ कर दलाली का धंधा चला रहे हैं। अफसर भी ऐसे चालकों पर शिकंजा कस पाने में नाकाम हैं। इसका खामियाजा मरीजों को भुगतना पड़ रहा है। संस्थान के प्रवक्ता डॉ. केके सिंह का कहना है कि परिसर में मरीजों की सुविधा के लिए एम्बुलेंस सेवा निःशुल्क है। यदि इसमें लापरवाही हो रही है तो जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

### ट्रॉमा सेंटर में धूप में तप रहे मरीज और तीमारदार



धूप में खड़ी एंबुलेंस और स्ट्रेचर पर तपते मरीज। अमृत विचार

■ **अमृत विचार, लखनऊ :** किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के ट्रॉमा सेंटर में मरीजों और उनके तीमारदारों को बुनियादी सुविधाओं के अभाव में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ट्रॉमा सेंटर में आने वाली एंबुलेंस के ठहराव स्थल पर छाया की कोई समुचित व्यवस्था न होने के कारण गंभीर हालत में लाए गए मरीजों को भीषण धूप में ही स्ट्रेचर और एम्बुलेंस में इंतजार करना पड़ रहा है। तीमारदारों का कहना है कि आपात स्थिति में लाए जाने वाले मरीज पहले से ही नाजुक हालत में होते हैं, ऐसे में तेज धूप उनकी स्थिति को और बिगाड़ सकती है। बावजूद इसके, ट्रॉमा सेंटर परिसर में न तो शेड लगाए गए हैं और न ही किसी अस्थायी छाया की व्यवस्था की गई है। जबकि, हर साल गर्मियों में केजीएमयू की ओर से छाया के इंतजाम किए जाते रहे हैं। यह स्थिति सिर्फ मरीजों तक सीमित नहीं है, बल्कि उनके साथ आने वाले तीमारदारों को भी कोई राहत नहीं मिल रही है। धूप से बचने के लिए उन्हें खुले में इधर-उधर भटकना पड़ता है, जिससे उनकी परेशानी और बढ़ जाती है। ट्रॉमा सेंटर जैसे आपातकालीन और संवेदनशील विभाग में इस तरह की अव्यवस्था ने प्रशासनिक तैयारियों पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। मरीजों और परिजनों ने जल्द से जल्द स्थायी और प्रभावी छाया व्यवस्था किए जाने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की स्थिति से बचा जा सके। केजीएमयू के प्रवक्ता डॉ. केके सिंह का कहना है कि ट्रॉमा के विस्तार को लेकर निर्माण कार्य चल रहा है। जिसके कारण कुछ अव्यवस्थाएं जरूर हैं। लेकिन एम्बुलेंस के ठहराव स्थल पर जल्द ही स्थायी छाया की व्यवस्था की व्यवस्था की जाएगी।

## सिटी ब्रीफ

### प्रबंध नगर योजना के विरोध में धरना

**अमृत विचार, लखनऊ :** भारतीय किसान यूनियन ने सोमवार को मड़ियांव अंतर्गत घैला मोड़ पर प्रबंध नगर योजना के विरोध में धरना-प्रदर्शन किया। समस्याएं दोहराकर नारेबाजी की। लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष को बुलाने की मांग पर अड़े रहे। राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश यादव ने बताया कि प्रबंध नगर योजना एलडीए ने 2006 में विकसित की थी। इससे किसानों को आर्थिक और मानसिक रूप से टूट चुके हैं। संपूर्ण मुआवजा भी नहीं मिला। तब से परेशानियों का सामना किसान कर रहे हैं। किसानों ने सरकार से कार्रवाई की मांग की और नारेबाजी की। किसान एलडीए उपाध्यक्ष को बुलाने की मांग पर अड़ रहे।

### आवासीय योजनाओं का पात्रों को मिले लाभ

**अमृत विचार, लखनऊ :** महापौर सुषमा खर्कवाल ने सोमवार को नगर आयुक्त गौरव कुमार के साथ स्मार्ट सिटी कार्यालय में डूडा विभाग की समीक्षा की। जिसमें अधिकारियों ने विभागीय योजनाओं, आवास आवंटन की स्थिति तथा निर्माणाधीन परियोजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। महापौर ने प्रधानमंत्री आवास योजना एवं अन्य शहरी आवास योजनाओं के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को समयबद्ध तरीके से आवास उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

### चिकित्सा प्रतिपूर्ति की पत्रावलियों में विलंब

**अमृत विचार, लखनऊ :** नगर निगम कर्मचारियों एवं पेंशनरों के चिकित्सा प्रतिपूर्ति में विलम्ब हो रहा है, जिससे उनका समय पर समुचित इलाज नहीं हो पा रहा है। उत्तर प्रदेश नगर निगम कर्मचारी संघ के अध्यक्ष राजेश सिंह ने नगर आयुक्त गौरव कुमार को पत्र लिखा है। उन्होंने कहा कि चिकित्सा प्रतिपूर्ति में अनावश्यक विलम्ब की संघ को जानकारी मिल रही है। लगभग 3 महीने इलाज के बाद चिकित्सा प्रतिपूर्ति के भुगतान के लिए प्रेषित पत्रावलियों के विलम्ब के कारण कर्मचारियों को भुगतान नहीं हुआ है। बड़ी संख्या में चिकित्सा प्रतिपूर्ति की पत्रावलियां भुगतान के लिए लंबित हैं।

# एक अरब से बनेगा एक किलोमीटर लंबा नाला

## अमौसी व सरोजनी नगर औद्योगिक क्षेत्र के बीच होगा निर्माण

- सीएंडडीएस ने प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा
- एक लाख की आबादी को मिलेगी जलभराव से राहत

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** औद्योगिक क्षेत्र अमौसी और सरोजनी नगर में जलभराव की समस्या दूर होने की उम्मीद बढ़ गई है। जल निगम के सीएंडडीएस ने इन दोनों क्षेत्रों में नाला बनाने के प्रस्ताव तैयार किया है। लगभग 1 किलोमीटर लंबे इस नाले के निर्माण पर करीब 100 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है।

नाला बन जाने से उद्यमियों के अलावा क्षेत्र की लगभग 1 लाख की आबादी को जलभराव से राहत मिलेगी। उद्यमियों ने जिला उद्योग बंधु की बैठक में जलभराव की समस्या कई बार उठाई। इसके बाद जल निगम के सीएंडडीएस को नाला निर्माण के लिए प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए गए थे।

सीएंडडीएस ने प्रस्ताव तैयार करके शासन को भेज दिया है। अनुमति मिलते ही नाला निर्माण शुरू हो जाएगा। दरअसल एनएचएआई ने कानपुर-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे जलनिकासी के लिए जो नाला बनाया है, वह ऊंचा बन गया है, जिससे औद्योगिक क्षेत्र अमौसी और सरोजनी नगर के साथ ही नगर निगम की बस्तियों का पानी नहीं निकल पा रहा है। जबकि नाला बनने से पहले क्षेत्र में जल निकासी की व्यवस्था ठीक थी।

जलनिकासी की उचित व्यवस्था न होने से यहां बारिश में तो यहां स्थिति बहुत खराब हो जाती है। कालोनियों से लेकर औद्योगिक क्षेत्रों में जरा देर की बारिश में जलभराव से जनता और उद्यमी दोनों परेशान हो जाते हैं। सड़कें पानी में डूब जाती हैं। जलनिकासी न हो पाने से कई दिनों तक क्षेत्र में पानी भरा रहता है।

उद्यमी और क्षेत्रीय जनता करीब दो वर्षों से लगातार यह समस्या अधिकारियों के सामने उठाते रहते हैं।



बरौलिया क्षेत्र में नाला निर्माण के दौरान मौजूद पार्षद। अमृत विचार

### अतिक्रमण बना नाला निर्माण में बाधा

■ **अमृत विचार, लखनऊ :** मनकामेश्वर वार्ड के बरौलिया क्षेत्र में जर्जर नाले के निर्माण में अतिक्रमण बाधा बन रहे हैं। लोगों ने नाले के ऊपर अतिक्रमण करके पक्के निर्माण कर लिए हैं। क्षतिग्रस्त नाले के मरम्मत कार्य में अतिक्रमण से समस्या आ रही है। नगर निगम के अभियंत्रण विभाग के जोन 3 के अभियंता अतिक्रमण हटाने से बच रहे हैं। संबंधित ठेकेदार ने कई जगह नाले पर बने रैम्प तोड़ दिए गए हैं लेकिन कुछ स्थानों पर लोगों ने नाले पर भी मकान की दीवार और कॉलम खड़ा कर दिया है। इन अतिक्रमण को तोड़ना जरूरी है। नहीं तो बारिश के दौरान क्षेत्र में जलभराव की समस्या से क्षेत्रीय निवासियों को सामना करना पड़ेगा। नाला निर्माण कार्य प्रभावित होने से क्षेत्रीय पार्षद रणजीत सिंह ने सोमवार को महापौर सुषमा खर्कवाल और नगर आयुक्त गौरव कुमार से नगर निगम मुख्यालय में मुलाकात की। उन्होंने महापौर को इस संबंध में पत्र देकर अतिक्रमण हटवाने की मांग की है।

## आज फिर करवट लेगा मौसम

**अमृत विचार, लखनऊ :** मंगलवार को फिर मौसम करवट लेगा। कहीं-कहीं बादल छाए रहेंगे और गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ने के आसार हैं। इसके अलावा 40-50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने की मौसम विभाग ने चेतावनी जारी की है। इससे एक बार फिर पारा लुढ़कने के आसार हैं। लखनऊ में सोमवार को सुबह से तेज धूप निकली तो गर्मी फिर सताने लगी। दोपहर में गर्मी से पसीने छूटने लगा। लोग तेज धूप से बचने के लिए छाया की तलाश करने लगे। कई लोग तेज धूप से बचने के लिए छाते का सहारा लेते नजर आए। दोपहर में लोग घरों और कार्यालयों से बाहर कम निकले। अधिकतम तापमान करीब 1.3 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 36.3 डिग्री पहुंच गया, जो सामान्य से 3.5 डिग्री कम रहा।

# सीतापुर रोड पर एलडीए बनाएगा 900 फ्लैट

- शिया पीजी कॉलेज के पास कब्जामुक्त नजूल भूमि पर बनेंगे अपार्टमेंट
- 15 से 35 लाख रुपये तक के होंगे एलआईजी व ईडब्ल्यूएस भवन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ विकास प्राधिकरण शहर में मध्यम और अल्प आय वर्ग को किफायती दरों पर आवास उपलब्ध कराने के सीतापुर रोड पर लगभग 900 एलआईजी एवं ईडब्ल्यूएस भवन बनाएगा। इनकी कीमत 15 लाख से 35 लाख रुपये तक होगी। लोगों को आबादी के बीच इतनी प्राइम लोकेशन पर बेहतरीन आवासीय सुविधा मिलेगी। सोमवार को उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने परियोजना पर मुहर लगा दी है। जल्द ही बहुमंजिला अपार्टमेंट के निर्माण के लिए टेंडर जारी किया जाएगा।

उपाध्यक्ष ने बताया कि सीतापुर रोड पर शिया पीजी कॉलेज के पास कब्जा मुक्त कराई लगभग 16,000 वर्गमीटर भूमि पर ग्रुप हाउसिंग परियोजना विकसित की जाएगी। अपार्टमेंट की विस्तृत कार्ययोजना व ले-आउट प्लान तैयार कराया है। 582 एलआईजी व 336 ईडब्ल्यूएस श्रेणी के भवन निर्मित किये जाएंगे। एलआईजी भवन 2 बीएचके के लगभग 50 वर्गमीटर होगा। भवन की कीमत लगभग 35 लाख रुपये होगी। वहीं, 1 बीएचके के ईडब्ल्यूएस भवन 38 वर्गमीटर के लगभग 15 लाख रुपये के होंगे। राष्ट्रीय राजमार्ग से सीधी कनेक्टिविटी मिलेगी। स्कूल-कॉलेज, अस्पताल, मॉल, बाजार, रेलवे स्टेशन, सब्जी एवं फल मंडी आदि सभी सुविधाएं पहले से मौजूद हैं।

### इंटरकनेक्ट होंगे टॉवर, बेसमेंट व स्टिल्ट पार्किंग होगी

■ उपाध्यक्ष ने बताया कि इस अपार्टमेंट में सभी टावर आपस में इंटरकनेक्ट होंगे। इससे लोगों को आवागमन में आसानी होगी। अपार्टमेंट में आठ पैसेंजर लिफ्ट और तीन सर्विस लिफ्ट का प्रावधान किया जाएगा। योजना में 600 से अधिक वाहनों के लिए बेसमेंट व स्टिल्ट पार्किंग की व्यवस्था होगी। इसके अलावा लगभग 3 हजार वर्गमीटर में पार्क एवं ग्रीन एरिया विकसित किया जाएगा।

# सोना कम खरीदने की अपील से बाजार में हलचल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** सोने की खरीदारी पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील के बाद सर्राफा बाजार में हलचल बढ़ गई है। कुछ ने कारोबारियों ने जहां बंदी का दावा किया है तो कुछ संगठन ने अपील को देशहित में मान रहे हैं। प्रमुख संगठन के नेताओं ने कहा कि, शहर के प्रमुख बाजारों में किसी प्रकार की बंदी नहीं है। आमदिनों की तरह ही कारोबार चलता रहा। सोमवार को चौक सर्राफा बाजार, अमीनाबाद, कपूरथला, पत्रकारपुरम, भूतनाथ, तेलीबाग, आलमबाग, राजाजीपुरम बाजार सामान्य दिनों की तरह खुले रहे।

बड़े ज्वेलर्स संगठन इंडिया बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन (इब्जा) के नेशनल हेड अनुराग रस्तोगी ने आज एक बयान जारी कर ज्वेलर्स और ग्राहकों दोनों से संयम बरतने की अपील की। प्रधानमंत्री ने कहीं नहीं कहा कि दुकान बंद कर दें या ग्राहकों को सोना न बेचें। उन्होंने कहा है संभव हो तो एक साल तक सोने का उपयोग कम करें। इसका मतलब ये नहीं कि खरीदारी बंद कर दें। घर में पड़े पुराने सोने को रीसाइकिल/रिपॉलिश कराकर काम चलाएं। इब्जा के आल इंडिया प्रमुख ने ज्वेलर्स से पैनिक न होने की अपील की है। इंतजार करना बेहतर होगा। संगठन इस विषय की गंभीरता से समीक्षा कर रहा है और कई एजेंसियों से बात चल रही है। संगठन बंदी और प्रदर्शन का समर्थन नहीं करती है।

लखनऊ सर्राफा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष आदीश जैन ने बताया कि सभी प्रमुख बाजार खुले रहे और रोज की तरह ही काम हुआ है। प्रधानमंत्री का बयान महज लोगों को आर्थिक मोर्चे पर जागरूक करने के लिए दिया है। उसमें सख्ती नहीं है। इससे बाजारों और सर्राफा कारोबारियों को पैनिक होने की आवश्यकता नहीं है। सोने की आवश्यकतानुसार खरीद को लेकर दिया गया मंतव्य खरीद की मनाही नहीं है। चौक सर्राफा बाजार एसोसिएशन के महामंत्री विनोद महेश्वरी ने चौक समेत कई बाजार खुलने की बात मानी है। आलमबाग सर्राफा एसोसिएशन के वरिष्ठ पदाधिकारी राम कुमार वर्मा ने बताया कि अभी सराफा बाजार बंदी को लेकर कोई निर्णय नहीं किया गया है।



धरने पर बैठे लखनऊ महानगर सर्राफा असोसिएशन व ऑल इंडिया ज्वेलर्स एंड गोल्डस्मिथ फेडरेशन के सदस्य। अमृत विचार

### महानगर सर्राफा एसोसिएशन ने किया प्रदर्शन

■ लखनऊ महानगर सर्राफा एसोसिएशन एवं "ऑल इंडिया ज्वेलर्स एंड गोल्डस्मिथ फेडरेशन की तरफ से मनीष वर्मा के नेतृत्व में कई ज्वेलर्स ने आशियाना स्थित पावर हाउस चौराहे पर प्रदर्शन किया। उन्होंने आरोप लगाया कि अगर लोग एक साल तक किसी भी अवसर पर सोने की खरीद नहीं करेंगे तो सराफा कारोबार से प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े करोड़ों व्यापारी सड़क पर आ जाएंगे। सोने की बढ़ती कीमतों से यह वर्ग पहले ही बुरी तरह प्रभावित हो चुका है।

**तैयारी** — लखनऊ विकास प्राधिकरण बनवा रहा लखनऊ हॉट

# शहीद स्मारक पर महकेंगे व्यंजन, लगेंगे हस्तशिल्प के स्टॉल

शबाहत हुसैन विजेता, लखनऊ

**अमृत विचार :** शहीद स्मारक पर लखनऊ विकास प्राधिकरण लखनऊ हाट बनाने जा रहा है। इसमें आधे हिस्से में लखनवी व्यंजनों के स्टाल और आधे में लखनवी हस्तशिल्प के स्टाल लगाए जाएंगे। हाट बनाने का काम शुरू हो गया है। पहली जून हॉट लोगों के लिए शुरू कर दी जाएगी।

शहीद स्मारक की सीढ़ियां चढ़ने के बाद दोनों ओर बने विशाल चबूतरों पर लखनऊ हाट बनाने की तैयारी चल रही है। खाने के स्टाल के लिए 135 वर्ग फीट का स्टाल होगा। इसके लिए 5 लाख रुपये सेक्योरिटी जमा करानी होगी और 55 हजार रुपये महीना किराया अदा करना होगा। हस्तशिल्प का स्टाल 155 वर्ग फीट का होगा। इसके लिए साढ़े 6 लाख रुपये सिक्योरिटी जमा करानी होगी और किराया 65 हजार रुपये महीना होगा। लखनऊ हाट में दुकानदारों के लिए फर्नीचर, लाईट और पानी की व्यवस्था लखनऊ विकास प्राधिकरण की ओर से की जाएगी। लखनऊ हाट के लिए स्टाल का निर्माण करा रहे राजेश कुमार ने बताया कि लखनऊ हाट में खानपान और हस्तशिल्प की दुकानों की तरफ लोगों का काफी आकर्षण है। अधिकांश दुकानें बुक हो चुकी हैं। पहली जून से लखनऊ हाट शुरू हो जाएगा। लखनऊ विकास प्राधिकरण ने लखनऊ हाट का काम एक निजी कम्पनी रॉयल एस इंटरनेशनल को सौंपा है। लखनऊ हाट में खानपान के क्षेत्र को अवध आहार और हस्तशिल्प के क्षेत्र को अवध बाजार नाम दिया है।



शहीद स्मारक पर लखनऊ हॉट के लिए तैयार किए जाते स्टॉल। अमृत विचार

### लखनऊ हाट की परिकल्पना नई नहीं

■ हुसैनाबाद क्षेत्र में घंटाघर के ठीक सामने कल्याण सिंह सरकार लखनऊ हाट बनाना चाहती थी। तत्कालीन नगर विकास मंत्री लालजी टंडन ने लखनऊ हाट का प्रस्ताव तैयार किया था। इस जमीन पर पद्मभूषण डॉ. कल्बे सादिक लड़कियों के लिए बेगम हजरत महल डिग्री कालेज बनाना चाहते थे। उन्होंने इस जमीन के लिए सरकार के पास 50 लाख रुपये भी जमा कराये थे। मुलायम सिंह सरकार ने बेगम हजरत महल डिग्री कालेज को हरी झंडी भी दे दी थी। लेकिन यह धरातल पर नहीं उतर सकी। लालजी टंडन ने लखनऊ हाट की जो परिकल्पना की थी उसमें एक ही जगह पर पूरा लखनऊ दर्शाने की तैयारी थी।

# मसूड़ों की सूजन भी कम करता है चुकंदर का रस

- केजीएमयू के अध्ययन में दवाओं के बराबर मिला असर, जर्नल में प्रकाशित शोध

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** शरीर के लिए लाभकारी माने जाने वाला चुकंदर अब दंत स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी उम्मीद की नई किरण बनकर सामने आया है। किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के दंत संकाय के एक अध्ययन में यह पाया गया है कि चुकंदर के रस से कुल्ला करने से मसूड़ों की सूजन में कमी आती है, और इसका प्रभाव कई मामलों में दवाओं के बराबर देखा गया है।

यह शोध जर्नल ऑफ इंडियन सोसाइटी ऑफ पेरिऑडॉन्टोलॉजी में प्रकाशित किया गया है। अध्ययन में मसूड़ों की सूजन (जिंजिवाइटिस) से पीड़ित 44 मरीजों को शामिल कर दो समूहों में विभाजित किया गया। एक समूह को चुकंदर के रस से कुल्ला कराया गया, जबकि दूसरे समूह को सामान्य दवाएं दी गईं।

एक सप्ताह बाद किए गए मूल्यांकन में पाया गया कि दोनों समूहों में सूजन में लगभग समान कमी आई। हालांकि, बैक्टीरिया की संख्या को लंबे समय तक नियंत्रित रखने में दवाएं अधिक प्रभावी साबित हुईं।

अध्ययन के दौरान प्लाक इंडेक्स, सूजन, बैक्टीरिया की मात्रा और लार में नाइट्रिक ऑक्साइड के स्तर जैसे महत्वपूर्ण मानकों का आकलन किया गया। शोधकर्ताओं के अनुसार चुकंदर के प्राकृतिक गुण मसूड़ों की सूजन कम करने में सहायक हो सकते हैं, खासकर उन मरीजों के लिए जिन्हें दवाओं से जलन या असहजता महसूस होती है। शोध टीम में डॉ. स्नेहलता कौशिक, डॉ. रामेश्वरी सिंघल, डॉ. समीक्षा दुबे, डॉ. विक्रम खन्ना, डॉ. अब्बास अली महदी, डॉ. प्रशांत गुप्ता और डॉ. पवित्र रस्तोगी शामिल रहे।



## सिटी ब्रीफ

### डीसीएम से लाखों की बैटरी व इन्वर्टर चोरी

**अमृत विचार, लखनऊ :** किसान पथ पर खड़ी एक डीसीएम से बदमाशों ने रात में लाखों रुपए की बैटरी और इन्वर्टर चोरी कर लिया। आजमगढ़ निवासी चालक शिवशंकर यादव के मुताबिक वह मंगलवार भोर बिजनौर स्थित वेयर हाउस से बैटरी, इन्वर्टर लेकर रसड़ा बलिया जा रहे थे। तबियत खराब होने पर उन्होंने किसान पथ स्थित ओमेक्स सिटी के पास डीसीएम खड़ी की और आराम करने लगे। कब नींद आ गई उसे पता ही नहीं चला। देर रात करीब तीन बजे नींद खुली तो गाड़ी की रस्सियां कटी मिलीं। डीसीएम से 25 बैटरी, 27 इन्वर्टर गायब थे। इंस्पेक्टर के मुताबिक तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। मामले की जांच की जा रही है।

### खाते से उड़ाये 51 हजार, रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार, लखनऊ :** कैसरबाग इलाके में रहने वाले साहिबे आलम से साइबर जालसाजों ने 51,250 रुपये ठग लिये। तालाब गगनी शुक्ल इलाके के रहने वाले साहिबे आलम के मुताबिक 5 मई की सुबह करीब आठ बजे उनके यस बैंक और बैंक ऑफ इंडिया के खातों से अलग-अलग यूपीआई ट्रांजैक्शन के जरिए रकम कट गई। उन्हें इसकी जानकारी मोबाइल पर आए संदेश से हुई। पीड़ित के मुताबिक खातों से 33 हजार रुपये, 17 हजार रुपये, 900 रुपये और 350 रुपये की रकम विभिन्न यूपीआई आईडी के माध्यम से निकाली गई। कुल मिलाकर 51,250 रुपये खाते से पार हो गए। उन्होंने आशंका जताई है कि उनके साथ साइबर फ्रॉड हुआ है। पुलिस के मुताबिक रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। मामले की जांच की जा रही है।

### खड़ी करने के चंद मिनटों में चोरी हो गई स्कूटी

**अमृत विचार, लखनऊ :** दुबग्गा इलाके में अवध इंक्लेव निवासी शोएब मिर्जा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उन्होंने 8 मई को घर के सामने अपनी स्कूटी खड़ी थी। रात करीब 1:30 बजे उनकी स्कूटी चोरी हो गई। सीसीटीवी फुटेज में एक युवक स्कूटी से आता दिखा। जिसने अपनी स्कूटी खड़ी की फिर पीड़ित की स्कूटी चोरी कर भाग निकला। कुछ समय बाद वह वापस आया और अपनी स्कूटी भी लेकर चला गया। पीड़ित ने दुबग्गा थाने में रविवार देर शाम रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाना प्रभारी श्रीकांत राय ने बताया कि फुटेज के जरिए चोर की पहचान कर उसकी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

### महिला का जेवर से भरा पर्स चोरी

**अमृत विचार, काकोरी :** पारा के शुभ सिटी निवासी मोनिया ऑटो से अवध चौराहे की तरफ जा रही थी। इसी दौरान ऑटो से उनका जेवर व नकदी से भरा पर्स गायब हो गयो। उन्होंने साथ सफर करने वाली दो युवतियों पर आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गोविंद नगर स्थित शुभ सिटी निवासी मोनिया के अनुसार, 2 मई को सुबह करीब 11 बजे घर से अवध चौराहे की ओर जा रही थीं। मड़ी महेश्वर मंदिर, पारा के पास वह एक ऑटो में बैठीं। ऑटो में पहले से दो युवतियां भी मौजूद थीं। आरोप है कि पुराना पारा और विक्रम नगर पुल के बीच दोनों युवतियों ने उनके पर्स से जेवर निकाल लिए। युवतियां विक्रम नगर पुल के आगे ऑटो से उतरकर चली गईं। घर पहुंचने पर पर्स चेक करने पर चोरी की जानकारी हुई। महिला के मुताबिक पर्स से दो जोड़ी झुमके, एक सोने की चेन और एक माथे की बेंदी गायब मिली। डर की वजह से उन्होंने पहले परिवार वालों को इसकी जानकारी नहीं दी। बाद में पारा थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पारा पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### जेवर व नकदी के साथ महिला गायब

**अमृत विचार, काकोरी :** पारा इलाके से एक महिला घर में रखी नकदी व लाखों के जेवर के साथ गायब हो गई। पति ने फैक्टरी में काम करने वाले युवक पर पत्नी को बहला-फुसलाकर भगाने का आरोप लगाया है। मामले को लेकर पीड़ित ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। पारा के साइक्लीनिक हेमेल्टन स्कूल के पास संतोष वाली गली निवासी युवक ने पारा पुलिस से शिकायत की। बताया कि उसकी पत्नी 8 मई की रात करीब 9 बजे घर से चली गई। आरोप है कि वह कालू खेड़ा निवासी लवकुश शर्मा के साथ गई है। महिला अपने साथ करीब 30 हजार रुपये नकद और लगभग डेढ़ लाख रुपये के जेवरात भी ले गई। पीड़ित के अनुसार आरोपी युवक उनके किराए के मकान के पीछे स्थित फैक्टरी में काम करता था। इसी दौरान उसकी पत्नी से जान-पहचान हुई। युवक ने साजिश के तहत उसकी पत्नी को अपने साथ भगा लिया। उनकी साढ़े तीन साल की बेटी है और पत्नी के अचानक गायब होने से पूरा परिवार परेशान है।

# पुलिसकर्मियों ने सीखा मूक-बधिर बच्चों से संवाद का तरीका

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पुलिस लाइन में आयोजित की गई विशेष कार्यशाला, 140 पुलिसकर्मी शामिल
- महिला हेल्प डेस्क, बाल कल्याण अधिकारी और पिंक बूथ पर तैनात कर्मियों को बताये गये तरीके



कार्यशाला में मौजूद पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ ने तैनात पुलिसकर्मियों को संवेदनशील और समावेशी बनाने की ओर एक और कदम बढ़ाया है। सोमवार को मूक-बधिर दिव्यांग बच्चों से संवाद विषय पर विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित किया गया। रिजर्व पुलिस लाइंस में आयोजित इस कार्यशाला में महिला हेल्प डेस्क, बाल कल्याण अधिकारी और पिंक बूथ पर तैनात करीब 140 पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षित किया गया।

कार्यशाला का आयोजन पुलिस आयुक्त अमरेन्द्र कुमार सेंगर के निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम में संयुक्त पुलिस आयुक्त अपर्णा कुमार, संयुक्त पुलिस आयुक्त बबलू कुमार, पुलिस उपायुक्त अमित कुमावत और ममता रानी चौधरी मौजूद रहीं। प्रशिक्षण का संचालन सहायक पुलिस आयुक्त सौम्या पाण्डेय के पर्यवेक्षण में हुआ। मुख्य प्रशिक्षक डॉ. विजय कुमार वर्मा और उनकी टीम ने पुलिसकर्मियों को मूक-बधिर एवं विशेष आवश्यकता वाले बच्चों से प्रभावी संवाद स्थापित करने की तकनीकें सिखाईं। प्रशिक्षण में सांकेतिक भाषा, बॉडी लैंग्वेज, सकारात्मक व्यवहार और धैर्यपूर्ण संवाद पर विशेष जोर दिया गया। विशेषज्ञों ने बताया कि दिव्यांग बच्चों से बातचीत के दौरान भयमुक्त माहौल तैयार करना बेहद जरूरी है, ताकि वे अपनी समस्याएं सहजता से साझा कर सकें। प्रशिक्षण में बाल अधिकार, संकट की स्थिति में सहायता, काउंसलिंग और संवेदनशील पुलिसिंग जैसे विषयों पर भी जानकारी दी गई। प्रतिभागी पुलिसकर्मियों ने कार्यशाला को उपयोगी बताते हुए कहा कि इससे पुलिस व्यवहार अधिक मानवीय और जनोन्मुख बनेगा। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि भविष्य में भी महिलाओं, बच्चों और दिव्यांगजनों की सुरक्षा को लेकर ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### आईटीएमएस पार्किंग से बाइक चोरी

**अमृत विचार,लखनऊ :** लखनऊ की हाईटेक सुरक्षा का दावा करने वाली पुलिस की ही बाइक को ही चोर ले उड़ा। ट्रैफिक सिपाही रमाशंकर की ड्यूटी इन दिनों लालबाग स्थित आईटीएमएस (स्मार्ट सिटी के ऑफिस) में लगी है। रमाशंकर के मुताबिक दो मई की शाम करीब पौने सात बजे उन्होंने आईटीएमएस की पार्किंग में बाइक खड़ी की। रात करीब 10 बजे वह पार्किंग वापस पहुंचे तो उनकी बाइक वहां नहीं खड़ी थी। उन्होंने आईटीएमएस के सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगालनी शुरू की। तब फुटेज में उन्हें यह दिखा कि एक युवक बाइक चोरी कर कैसरबाग की ओर जा रहा है।

# शोएब के मोबाइल से मिली कई प्रकार की आपत्तिजनक सामग्री

## प्रेम जाल में फंसाकर किशोरियों के बनाता था अश्लील वीडियो और फोटो

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ




बंद पड़ा आरोपी का सैलून (इनसेट) आरोपी शोएब। ● अमृत विचार

- धर्मांतरण न करने पर सोशल मीडिया पर कर देता था वायरल
- आरोपी को पुलिस ने पूछताछ के बाद भेजा जेल

**अमृत विचार:** सैरपुर पुलिस ने किशोरी को प्रेमजाल में फंसाकर धर्मांतरण का दबाव बनाने और उसकी अश्लील वीडियो व फोटो सोशल मीडिया पर वायरल करने के आरोपी को जेल भेज दिया। रविवार रात को उसे गिरफ्तार किया गया। उससे पूछताछ के दौरान कई बातें सामने आई। पुलिस ने आरोपी शोएब के मोबाइल को खंगाला तो दर्जनों किशोरियों के आपत्तिजनक फोटो व वीडियो मिले। पुलिस उसके सोशल मीडिया अकाउंट्स और इंस्टाग्राम चैट्स की जांच कर रही है।

पुलिस के अनुसार, आरोपी शोएब अख्तर गोंडा के वजीरगंज स्थित कर्दा का रहने वाला है। वह रैथा रोड छठामील चौराहा पर सैलून चलाता था। पुलिस के मुताबिक तहरीर में आरोप लगाया है कि करीब दो साल पहले आरोपी ने खुद को "सौरभ सिंह" बताकर इंस्टाग्राम के जरिए उससे दोस्ती की थी। बातचीत के दौरान आरोपी ने नजदीकियां बढ़ाईं और बाद में अश्लील फोटो-वीडियो बना लिए। किशोरी का आरोप है कि बाद में उसे पता चला कि युवक मुस्लिम है। इसके बाद उसने बातचीत बंद कर दी। आरोप है कि आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए फोटो-वीडियो वायरल करने की धमकी दी और धर्म परिवर्तन का दबाव बनाया। विरोध करने पर कथित तौर पर वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिए।

**कॉल रिकॉर्डिंग भी जांच के दायरे में:** पुलिस को आरोपी के मोबाइल से 19 सेकंड की एक कॉल रिकॉर्डिंग भी मिली है। इसमें आरोपी सोशल मीडिया पोस्ट पर हो रही टिप्पणियों को लेकर चर्चा करता सुनाई दे रहा है। दूसरी ओर से एक युवक कथित तौर पर कहता है, "तुम्हारे ऊपर कोई कार्रवाई होगी तो हम हैं।" पुलिस रिकॉर्डिंग में बातचीत करने वाले दूसरे व्यक्ति की पहचान करने में जुटी है। सैरपुर पुलिस ने पीड़िता की शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ धर्मांतरण, आईटी एक्ट और अन्य गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज किया है। एसीपी बीकेटी ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि आरोपी को सोमवार को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से जेल भेज दिया गया है।

### मोबाइल में मिले आपत्तिजनक वीडियो

■ जांच के दौरान आरोपी के मोबाइल फोन से दर्जनभर से अधिक लड़कियों के अश्लील फोटो और वीडियो मिलने की बात सामने आई है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि लखनऊ के अलावा अन्य किन शहरों की लड़कियां उसके संपर्क में थीं।

# वर्चस्व को लेकर दो गुटों में फायरिंग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** सुशांत गोल्फ सिटी के मिलेनियम पैलेस बिल्डिंग के पास रविवार देर रात वर्चस्व को लेकर दो गुट भिड़ गये। मामला गाली-गलौज से मारपीट तक पहुंचा। इसके बाद एक पक्ष ने दूसरे पर फायरिंग कर दी। घटना के कारण आसपास के इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। पुलिस ने थार सवार दो युवकों को नामजद समेत कई पर रिपोर्ट दर्ज कर लिया है।

इंस्पेक्टर सुशांत गोल्फ सिटी राजीव रंजन उपाध्याय के मुताबिक नीलमथा डिप्टी गंज रेलवे क्रासिंग के पास रहने वाले अमन सिंह उर्फ कार्तिक ने रिपोर्ट दर्ज कराया है। अमन मूलतः रायबरेली बछरावां के रहने वाले हैं। उन्होंने बताया कि रविवार देर रात वह साथी के साथ चाय पीने के लिए मिलेनियम पैलेस बिल्डिंग के पास पहुंचे थे। इस बीच वहां थार सवार शौर्य मिश्रा व मानस मिश्रा अपने कुछ दोस्तों के साथ पहुंच गए। दोनों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। विवाद के दौरान हाथापाई और मारपीट की। धक्का देकर भागने की कोशिश की तो पिस्टल से फायर झोंक दिया। किसी तरह बच गया तो दूसरा राउंड फायरिंग की। घटना से अफरा-तफरी मच गई। लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर जबतक पहुंची आरोपी फरार हो गए। फायरिंग की सूचना पर सुशांत गोल्फ सिटी समेत कई थानों का पुलिस बल मौके पर पहुंचा। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण ककर साक्ष्य संकलन किए। इंस्पेक्टर राजीव रंजन उपाध्याय के मुताबिक अमन सिंह की तहरीर पर शौर्य मिश्रा और मानस के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया। गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम दबिश दे रही है। वहीं, जांच में सामने आया कि अमन उर्फ कार्तिक के खिलाफ भी विभिन्न थानों में अपराधिक मामले दर्ज हैं। दोनों पक्षों में वर्चस्व को लेकर विवाद है।

### बाइक हटाने के विवाद में पड़ोसी पर झोंका फायर

■ **अमृत विचार, लखनऊ :** ठाकुरगंज के बालागंज एकतानगर में बाइक हटाने को लेकर पड़ोसियों के बीच कहासुनी हो गई। विवाद इतना बढ़ा कि एक युवक ने तमंचे से कई राउंड फायरिंग कर दी। पड़ोसी किसी तरह मौके से भागकर अपनी जान बचाने में सफल रहा। फायरिंग की आवाज सुनते ही आसपास के लोग घरों से बाहर निकल आए, जिससे इलाके में दहशत फैल गई। ठाकुरगंज पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और उसके पास से तमंचा व कारतूस बरामद किए हैं। बालागंज के एकतानगर निवासी अभय सिंह राठौर ने बताया कि वह रविवार देर रात गोंडा निवासी अपने दोस्त के घर से लौटे थे। रात करीब सवा 12 बजे घर के पास गली के मोड़ पर मोहल्ले के प्रभाकर ने अपनी बाइक खड़ी कर रखी थी। आरोप है कि नशे की हालत में भट्ठा मालिक प्रभाकर राहगीरों और मोहल्ले के लोगों को गालियां दे रहा था। अभय ने बताया कि जब उन्होंने प्रभाकर से बाइक हटाने को कहा तो वह उनसे अभद्रता करने लगा और जान से मारने की धमकी दी। शोर-शराबा सुनकर प्रभाकर का बड़ा बेटा भी मौके पर आ गया और दोनों पक्षों में तीखी कहासुनी होने लगी। आरोप है कि इसी दौरान प्रभाकर ने तमंचा निकाल लिया और उन्हें गोली मारने की नीयत से फायरिंग शुरू कर दी। फायरिंग होते ही अभय किसी तरह जान बचाकर भागे। कई राउंड गोली चलने की आवाज से पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई और लोग घरों से बाहर निकल आए। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन उससे पहले आरोपी अपने बेटे के साथ गाली-गलौज करते हुए पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया था। ठाकुरगंज इंस्पेक्टर ओमवीर सिंह ने बताया कि देर रात ही आरोपी प्रभाकर को गिरफ्तार कर लिया गया। उसके पास से तमंचा और कारतूस बरामद किए गए हैं।

# मुख्यमंत्री को जान से मारने व राम मंदिर उड़ाने की धमकी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सुशांत गोल्फ सिटी थाने में यूपी 112 के इंस्पेक्टर ने दर्ज कराई रिपोर्ट
- एडीजी कानून एवं व्यवस्था, सुरक्षा मुख्यालय और एसटीएस को दी गई सूचना

**अमृत विचार:** सोशल मीडिया प्लेटफार्म व्हाट्सएप पर मैसेज भेजकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जान से मारने और अयोध्या राम मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी दी गई। जानकारी होने पर यूपी-112 में तैनात इंस्पेक्टर सहेंद्र कुमार यादव ने सुशांत गोल्फ सिटी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

यूपी-112 मुख्यालय के सोशल मीडिया व्हाट्सएप डेस्क पर तैनात इंस्पेक्टर सहेंद्र यादव ने सुशांत गोल्फ सिटी में रिपोर्ट दर्ज कराई है। सहेंद्र के मुताबिक व्हाट्सएप डेस्क पर एक नम्बर से शनिवार शाम करीब पांच बजे एक मैसेज प्राप्त हुआ। मैसेज में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को 24 घंटे में जान से मारने की धमकी दी गई। साथ ही अयोध्या राम मंदिर को भी बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। मामले का संज्ञान लेकर उच्चाधिकारियों को सूचना दी गई। इसके बाद सुशांत गोल्फ सिटी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया गया। एसीपी गोसाईगंज ऋषभ यादव के मुताबिक यूपी 112 की सोशल मीडिया सेल में तैनात इंस्पेक्टर सहेंद्र की तहरीर पर व्हाट्सएप नम्बर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है। मामले की जानकारी एडीजी कानून एवं व्यवस्था अमिताभ यश, सुरक्षा मुख्यालय और एसटीएस को भी दे दी गई है। जांच और मैसेज भेजने वाले कि गिरफ्तारी के लिए टीमें लगाई गई हैं।

# प्रेमी इमाम के साथ मिल बच्चों को जहर देकर मारने की कोशिश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- अलीगंज थाने में पत्नी व प्रेमी इमाम पर एफआईआर दर्ज पुलिस कर रही जांच
- बच्चों को ट्यूशन पढ़ाने के दौरान दो वर्ष पूर्व बन गया था प्रेम संबंध



**अमृत विचार:** अलीगंज इलाके में रहने वाले व्यक्ति ने पत्नी और मस्जिद के इमाम पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप है कि पत्नी व इमाम के बीच अनैतिक संबंध हैं। दोनों ने मिलकर उसके तीन बच्चों को जहर देकर मारने की साजिश रची है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। मामले की जांच शुरू कर दी है।

अलीगंज निवासी पीड़ित के मुताबिक उसकी शादी वर्ष 2013 में सीतापुर निवासी युवती से हुई थी। दंपती के तीन बच्चे हैं। आरोप है कि बच्चों को ट्यूशन पढ़ाने आने वाले मस्जिद के इमाम सनाउल्ला का उसकी पत्नी से करीब दो वर्षों से अनैतिक संबंध था। पीड़ित ने बताया कि उसे कई बार पत्नी के मोबाइल फोन में दोनों की व्हाट्सएप चैट मिली थी। संदेह गहराने पर उसने चैट अपने सिस्टम में सेव कर ली और घर के कमरे में एक हिडेन कैमरा लगवा दिया। आरोप है कि कैमरे में दोनों के आपत्तिजनक वीडियो रिकॉर्ड हुए हैं।

**व्हाट्सएप चैट देखा तो हुआ खुलासा :** पीड़ित के मुताबिक 28 अप्रैल को उसने पत्नी और इमाम के बीच हुई चैट देखी। जिसमें कथित तौर पर जहर देकर परिवार को खत्म करने की बात लिखी थी। आरोप है कि उसी दिन दोपहर में वह अपने पिता, भांजे और बहनोई के साथ घर पहुंचा तो पत्नी और इमाम को आपत्तिजनक हालत में पकड़ लिया। विरोध करने पर दोनों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। शोर सुनकर आसपास के लोग और दोनों पक्षों के परिजन मौके पर पहुंच गए। बाद में उसकी पत्नी मायके जाते समय घर में रखे करीब 17 तोला सोने के जेवर और 10 लाख रुपये नकद भी साथ ले गई। पीड़ित ने अलीगंज थाने में पत्नी व इमाम के खिलाफ तहरीर दी। इंस्पेक्टर अलीगंज ध्रुव कुमार के मुताबिक रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# युवक की खुदकुशी में दोस्त व उसके पिता पर एफआईआर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- बिजनौर पुलिस ने भाई की तहरीर पर दर्ज किया मुकदमा
- रुपये मांगने पर मानसिक प्रताड़ना का आरोप




**अमृत विचार :** बाराबंकी के हैदरगढ़ क्षेत्र निवासी अभिषेक कुमार दीक्षित की आत्महत्या के मामले में बिजनौर थाने की पुलिस ने उसके दोस्त आशीष मौर्या, सोनू और उसके पिता के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

हैदरगढ़ सराय वनपुकार निवासी उमेश कुमार दीक्षित के मुताबिक उनका भाई अभिषेक कुमार दीक्षित लखनऊ में निजी चालक था। नौकरी के दौरान उसकी दोस्ती रायबरेली निवासी आशीष मौर्या से हुई थी। दोनों के बीच घर आना-जाना भी था। आरोप है कि आशीष ने परिवार की बीमारी और घरेलू जरूरतों का हवाला देकर अभिषेक से करीब 1.30 लाख रुपये उधार लिए थे। काफी समय बाद भी रुपये वापस नहीं किए गए। जब अभिषेक ने पैसा मांगा तो आरोपियों ने टालमटोल की और गाली-गलौज भी की।

उमेश का आरोप है कि रुपये न मिलने से अभिषेक मानसिक तनाव और अवसाद में रहने लगा था। 24 अप्रैल को अभिषेक ने आशीष को संदेश भेजा, लेकिन जवाब नहीं मिला। इसके बाद उसने आत्महत्या कर ली। अभिषेक ने एक संदेश में अपनी मौत के लिए आशीष, सोनू और उसके पिता को जिम्मेदार ठहराया था। इंस्पेक्टर बिजनौर सतीश गौतम ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

### दीवार तोड़ने का विरोध किया तो युवक को पीटा

**अमृत विचार , काकोरी:** पारा में प्लॉट की दीवार तोड़ने का विरोध करने पर युवक को दबंगों ने पीट दिया। उसका मोबाइल फोन भी तोड़ दिया। पीड़ित ने पुलिस से शिकायत की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। डिप्टी खेड़ा निवासी अभिषेक यादव के मुताबिक वह अपने बुआ के बेटे सचिन यादव के साथ कुल्हर कट्टा गांव स्थित अपने प्लॉट के पास खड़ा था। इसी दौरान श्वेता बाजपेयी के पति अनुप बाजपेयी कुछ अज्ञात लोगों के साथ बुलेट बाइक से वहां पहुंचे। प्लॉट की बाउंड्री तोड़ने लगे। विरोध करने पर आरोपी नहीं माने। घटना का वीडियो बनाना शुरू किया तो आरोपियों ने दोनों को पीटना शुरू कर दिया। इस दौरान अभिषेक का मोबाइल फोन भी तोड़ दिया गया। शोर सुनकर गांव के लोग मौके की ओर दौड़े। ग्रामीणों को आता देख आरोपी धमकी देते हुए भाग गए।

# 24 घंटे में चोरी का खुलासा, दो गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** सआदतगंज पुलिस और पश्चिमी जोन की सर्विलांस टीम ने चोरी की घटना का 24 घंटे के भीतर खुलासा किया है। पुलिस ने इस मामले में दो चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब साढ़े तीन लाख रुपये कीमत के आभूषण, नगदी और मोबाइल फोन बरामद किए हैं।

पुलिस के मुताबिक रामनगर कैम्पवेल रोड, बालागंज निवासी मुजीब ने 10 मई को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। बताया कि घर से जेवरात, नकदी और अन्य सामान चोरी हो गया है। सआदतगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस टीम गठित की गई। जांच के दौरान सर्विलांस टीम की मदद से पुलिस ने 24 घंटे के भीतर घटना का खुलासा करते हुए इमरान और मोहम्मद जमाल को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में दोनों ने कबूल किया कि उन्होंने बंद मकान की रेकी करने के बाद भोर में ताला तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। आरोपियों के कब्जे से 23,700 रुपये नकद, चांदी के आभूषण, मंगलसूत्र, लॉकेट और तीन मोबाइल फोन बरामद किए हैं। बरामद सामान की कुल कीमत करीब 3.50 लाख रुपये बताई गई है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी मोहम्मद जमाल के खिलाफ ठाकुरगंज समेत कई थानों में चोरी के दर्जनों मुकदमे पहले से दर्ज हैं। आरोपी बंद और सुनसान मकानों को निशाना बनाकर चोरी करते थे और सामान बेचकर खर्च पूरा करते थे। दोनों आरोपियों को अदालत में पेश किया गया। जहां से जेल भेज दिया गया है।

सफलता | पुलिस का दावा, 21 लाख रुपये के मोबाइल बरामद

# बरामद 101 मोबाइल उनके मालिकों को सौंपे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



बरामद किये गये मोबाइल फोन के साथ वास्तविक मालिक । ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** कमिश्नरेट पुलिस की सर्विलांस सेल ने गुम हुए 101 मोबाइल फोन बरामद कर लिया है। उत्तरी जोन की सर्विलांस और क्राइम टीम ने करीब 21 लाख रुपये कीमत के मल्टीमीडिया मोबाइल फोन बरामद कर उनके वास्तविक मालिकों को सौंप दिए। अपने खोए मोबाइल वापस पाकर लोगों के चेहरे खिल उठे।

पुलिस आयुक्त अमरेन्द्र कुमार सेंगर के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत उत्तरी जोन के विभिन्न थानों से प्राप्त मोबाइल गुमशुदगी के प्रार्थना पत्रों को सर्विलांस पर लगाया गया था। इसके बाद पुलिस उपायुक्त उत्तरी गोपाल कृष्ण चौधरी और अपर पुलिस उपायुक्त ट्विंकल जैन के पर्यवेक्षण में सर्विलांस सेल की टीम ने कार्रवाई शुरू की। एसआई दीपक कुमार के नेतृत्व में क्राइम और सर्विलांस टीम ने अथक प्रयास करते हुए लखनऊ समेत अन्य जनपदों से विभिन्न कंपनियों के 101 मोबाइल फोन बरामद किए। रविवार को पुलिस उपायुक्त उत्तरी कार्यालय में मोबाइल उनके असली मालिकों को सौंपे गए।

मोबाइल मिलने पर लोगों ने पुलिस टीम की सराहना करते हुए आभार जताया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आगे भी गुम मोबाइलों की बरामदगी के लिए अभियान जारी रहेगा।

**सिटी ब्रीफ**

### भगवान स्वरूप के काव्य संग्रह का लोकार्पण आज

**अमृत विचार, लखनऊ :** जन संस्कृति मंच, आस, डॉ. राही मासूम रज़ा साहित्य एकेडमी और इप्टा की ओर से भगवान स्वरूप कटियार के 9वें कविता संग्रह शब्द स्तब्ध हैं का लोकार्पण व विमर्श कार्यक्रम का आयोजन उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान के निराला सभागार में 12 मई को शाम 4 बजे से किया जाएगा। भगवान स्वरूप कटियार अपने नए संग्रह से चुनिंदा कविताओं का पाठ करेंगे। उनकी कविताओं पर होने वाली चर्चा में वंदना मिश्र, रीता चौधरी, प्रीति चौधरी, नलिन रंजन सिंह, अनिल त्रिपाठी, कौशल किशोर और राकेश शामिल होंगे।

### राहगीरों के लिए लगाया वाटर कूलर

**अमृत विचार, लखनऊ :** श्रीहरभज राम कृपा देवी ट्रस्ट अस्पताल ने गर्मी को ध्यान में रखते हुए जनसाधारण को ठंडे पानी की सुविधा देने हेतु एक वाटर कूलर लगाया गया है। ताकि राहगीर ठंडे पानी से अपनी प्यास बुझा सके। अस्पताल के चेयरमैन एवं पूर्व भाजपा विधायक विद्यासागर गुप्ता द्वारा वाटर कूलर का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर अस्पताल के सचिव अमित गुप्ता, सिद्धार्थ गुप्ता तथा अस्पताल के स्टाफ भी उपस्थित थे। अमित गुप्ता ने बताया कि श्री हरभजराम कृपा देवी ट्रस्ट अस्पताल पिछले 64 वर्षों से निस्वार्थ भाव से मरीजों की सेवा करता रहा है।

### वट सावित्री व्रत, शनि जयंती 16 को

**अमृत विचार, लखनऊ :** 16 मई को ज्येष्ठ की अमावस्या को वट सावित्री व्रत और शनि देव की जयंती मनाई जाएगी। सीतापुर रोड स्थित हाथी बाबा मंदिर के ज्योतिषाचार्य आनंद दुबे ने बताया कि महिलाएं वट वृक्ष का पूजन कर यमराज से पति के प्राणों की रक्षा करने वाली माता सावित्री का स्मरण करती हैं। महिलाएं वृक्ष की परिक्रमा कर रक्षा सूत्र बांधती हैं और सुखद वैवाहिक जीवन की कामना करती हैं। दुबे ने बताया कि ज्येष्ठ अमावस्या तिथि को ही सूर्य और माता छाया के पुत्र शनि देव का जन्म हुआ था। इस वर्ष शनिवार के दिन अमावस्या होने के कारण इसका महत्व और भी बढ़ गया है।

### मजदूर आंदोलन को कुचलने का आरोप

**अमृत विचार, लखनऊ :** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के उत्तर प्रदेश राज्य सचिव मंडल ने नोएडा और गौतमबुद्धनगर क्षेत्र में मजदूरों के आंदोलन को सरकार द्वारा कुचलने और ट्रेड यूनियन नेताओं को परेशान किए जाने की कड़ी निंदा की है। पार्टी ने इसे कानून विरोधी और अलोकतांत्रिक कार्रवाई बताया है। पार्टी की ओर से जारी बयान में कहा गया कि अप्रैल माह में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के मजदूरों ने न्यूनतम वेतन बढ़ाने की मांग को लेकर आंदोलन किया था। मजदूरों का कहना था कि 11 से 12 हजार रुपये मासिक वेतन बेहद कम है। साथ ही आठ घंटे से अधिक 12 घंटे तक काम लेने को गलत बताते हुए अतिरिक्त वेतन की मांग भी उठाई गई थी।

### बसंतकुंज के सिटी फॉरेस्ट का काम शुरू

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विकास प्राधिकरण के ग्राम घैला स्थित बसंतकुंज योजना के 20 एकड़ में सिटी फॉरेस्ट बनाने का काम शुरू हो गया है। यह पार्क राष्ट्र प्रेरणा स्थल के पास और गोमती नदी के पीछे एक वर्ष में बनकर तैयार होगा। पार्क कच्चा निर्माण करके जंगल की तरह विकसित किया जाएगा। प्राधिकरण ने सिटी फारेस्ट बनाने का काम एक कंपनी को दिया है। इसे विकसित करने में करीब 10 करोड़ रुपये खर्च आएगा। पार्क में घूमने के लिए कच्चा पाथवे बनेगा। फल, छाया, फूल, जंगली व ऑक्सीजन देने वाले एक लाख से अधिक पौधे मियावाकी पद्धति से लगाए जाएंगे। जंगली पेड़-पौधों सुंदरता बढ़ाएंगे।

# मरीज की सांस और परिजन का विश्वास 'नर्स'

**अंतरराष्ट्रीय नर्सेस दिवस पर विशेष**

**अमृत विचार, लखनऊ :** नर्सें बंद दीवारों के अंदर तीमारदारों का विश्वास और मरीज की सांस होती हैं। आईसीयू और एनआईसीयू में भर्ती मरीज की जिंदगी और मौत के बीच हर पल संघर्ष चलता है। वहां नर्सें सिर्फ ड्यूटी नहीं निभातीं बल्कि मरीज की जिंदगी की पहरेदारी करती हैं। वेंटिलेटर की आवाजों, मॉनिटर पर दौड़ती धड़कनों और लगातार बढ़ते दबाव के बीच नर्सें दिन-रात गंभीर मरीजों और नवजात शिशुओं की देखभाल में जुटी रहती हैं। प्रत्येक नर्स मरीजों के प्रति बड़ा योगदान है। अंतरराष्ट्रीय नर्सिंग दिवस पर अमृत विचार संवाददाता पंकज द्विवेदी ने अस्पतालों और मरीजों के प्रति समर्पित ऐसी कुछ नर्सों से बातचीत की। इन नर्सों का अनुभव नई पीढ़ी की नर्सों को एक संदेश देने के साथ उनके लिए प्रेरणादायी भी है।



अस्पताल की गहन चिकित्सा इकाई में मरीज की देखभाल करतीं नर्सें। अमृत विचार



### तकनीक बदली, जिम्मेदारी नहीं, आज भी लक्ष्य मां और नवजात को सुरक्षित घर भेजना : जेमिमा

क्वीन मेरी अस्पताल के प्रसूति विभाग के ऑपरेशन थियेटर की नर्सिंग सुपरिटेंडेंट जेमिमा की 43 वर्ष से मरीजों की सेवा कर रही हैं। वर्ष 2018 में सेवानिवृत्त होने के बाद अनुभव और कार्यकुशलता के आधार पर उन्हें सेवा विस्तार दिया गया। जेमिमा ने बताया कि जब नर्सिंग सेवा शुरू की थी तब अस्पतालों में पर्याप्त स्टाफ, आधुनिक उपकरण, और तकनीकी सुविधाएं नहीं थीं। मरीजों की स्थिति का आकलन अनुभव और लगातार निगरानी से करना पड़ता था। तब भी हमारी प्राथमिकता मां और नवजात को सुरक्षित घर भेजना होती थी और यही आज भी है। अब मॉनिटर, वार्मर और आधुनिक मशीनों की मदद से गंभीर मरीजों का इलाज पहले से अधिक प्रभावी ढंग से हो पा रहा है। संक्रमण नियंत्रण और रिकॉर्ड प्रणाली भी पूरी तरह आधुनिक है। लेबर रूम से डिस्चार्ज तक का विवरण ऐप पर ऑनलाइन दर्ज होता है। प्रशिक्षण में भी बदलाव आया है। पहले सीखने का माध्यम केवल अनुभव था, अब जीएनएम और बीएससी नर्सिंग से आधुनिक तकनीक और आपातकालीन प्रबंधन की बेहतर ट्रेनिंग भी दी जा रही है। अपने कार्यकाल की एक याद साझा करते हुए जेमिमा ने बताया कि एक बार गंभीर स्थिति में एक महिला ने तीन बच्चों को जन्म दिया था। डॉक्टरों और नर्सिंग टीम के लगातार प्रयास से मां और तीनों नवजात सुरक्षित बच गए। नई पीढ़ी की नर्सों के लिए उन्होंने कहा कि, घर पर हों तो परिवार के साथ रहें और अस्पताल में हों तो पूरी निष्ठा से मरीजों की सेवा करें।

### एक-एक क्षण की सतर्कता नवजता को देती है नया जीवन : रीता वर्मा



- एसजीपीजीआई की नर्सिंग ऑफिसर रीता वर्मा लगभग 18 वर्षों से मातृ एवं नवजात स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी हैं। उनके लिए लेबर रूम केवल कार्यस्थल नहीं, बल्कि ऐसी जगह है जहां एक क्षण की सतर्कता नवजात को नया जीवन देती है। करियर का सबसे भावुक क्षण याद करते हुए रीता ने बताया कि, एक प्रीमैच्योर बच्चे के जन्म के बाद उसकी कोई आवाज नहीं आई। बच्चा मेरी गोद में था। मैंने तुरंत सक्शन व स्टिमुलेशन दिया और कुछ ही सेकंड में उसके रोने की आवाज सुनाई दी। वह सिर्फ रोना नहीं बल्कि जिंदगी की शुरुआत थी। इसी तरह एक मां ने बच्चे को स्तनपान कराया, लेकिन फीड के बाद डकार नहीं दिलाई। कुछ समय बाद बच्चे को उठाया गया तो उसकी गतिविधियां कम थीं। मैं बिना देर किए बच्चे को एनआईसीयू लेकर गई। जांच में पता चला कि दूध सांस की नली में चला गया था। डॉक्टरों ने तुरंत इलाज शुरू किया और बच्चा सुरक्षित बच गया। उस दिन मैंने फिर महसूस किया कि नवजात की देखभाल में छोटी-सी लापरवाही भी बड़ी बन सकती है। रीता ने कहा कि नवजात अपनी तकलीफ बता नहीं सकता, इसलिए उसकी हर सांस और हर हलचल को समझना नर्स की बड़ी जिम्मेदारी होती है। प्रशिक्षण, वरिष्ठों का मार्गदर्शन और टीमवर्क ने कठिन परिस्थितियों में सही निर्णय लेने का आत्मविश्वास दिया। रीता को वर्ष 2024 में 'बेस्ट नर्सिंग ऑफिसर अवॉर्ड' भी मिल चुका है। माताओं को संदेश देते हुए रीता कहती हैं कि जन्म के बाद बच्चे को केवल मां का दूध दें, हर फीड के बाद डकार जरूर दिलाएं और उसकी हर छोटी गतिविधि पर नजर रखें।

### मैं थकती नहीं क्योंकि हर पल से जुड़ी होती है किसी की जिंदगी : सोनम



- केजीएमयू के रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभाग की नर्सिंग ऑफिसर सोनम यादव कई वर्ष से यहां सेवा दे रही हैं। उनका कहना है कि आईसीयू (इंटेंसिव केयर यूनिट) वह जगह है जहां हर सांस उम्मीद है और हर पल जिंदगी व मौत के बीच एक नाजुक जंग। यह केवल नौकरी नहीं, बल्कि जिम्मेदारी और समर्पण का दूसरा नाम है। 8 से 12 घंटे की लगातार ड्यूटी, संक्रमण का जोखिम और मानसिक दबाव के बावजूद वह बिना रुके मरीजों की सेवा करन अपना कर्तव्य समझती हूं। उनका कहना है कि आईसीयू में काम करना सिर्फ तकनीकी दक्षता नहीं, बल्कि धैर्य, संवेदना और मानसिक मजबूती की भी परीक्षा है। अपने जीवन के कठिन दौर को साझा करते हुए वह बताती हैं कि एक समय वह खुद टीबी जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रही थीं, लेकिन उसी दौरान उन्होंने आईसीयू में मरीजों की सेवा जारी रखी। उन्होंने कहा मैंने दर्द को अपनी कमजोरी नहीं, सेवा की ताकत बनाया। जब मैं खुद मरीज थी, तब भी मैं दूसरों के लिए हिम्मत बनकर खड़ी रही। सोनम कहा कि, अपने अनुभव से सीखा कि डर बीमारी का नहीं, बल्कि हिम्मत की कमी का नाम है। इसलिए वह हर मरीज से यही कहती हैं। सोनम बताती हैं कि कठिन ड्यूटी के कारण उन्होंने कई बार अपने व्यक्तिगत जीवन के खास पल, त्योहार, जन्मदिन और पारिवारिक समारोह भी मिस किए हैं। फिर भी उनका कहना है, हम थकते नहीं, हम रुकते नहीं हम सिर्फ सेवा करते हैं।



सत्येंद्र कुमार।

### नर्सों की सुविधाओं में अपेक्षित सुधार नहीं

- राजकीय नर्सेज संघ उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष सत्येंद्र कुमार ने कहा कि विश्वभर में भारतीय नर्सेज की भारी मांग है, इसके बावजूद देश में उनकी स्थिति और सुविधाओं में अपेक्षित सुधार नहीं हो पाया है। फिर भी नर्सें हौसले और समर्पण से लगातार ऊचाइयां छू रही हैं। उन्होंने कहा कि अस्पतालों का दिल कही जाने वाली नर्सें आज भी कई स्तरों पर उपेक्षा का सामना कर रही हैं। देश के विभिन्न राज्यों और संस्थानों में वेतन, भत्तों और सुविधाओं में भारी असमानता देखने को मिल रही है। विशेष रूप से उत्तर प्रदेश में चिकित्सा स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा विभाग की नर्सेज के वेतन एवं भत्तों में बड़ा अंतर चिंता का विषय है। प्रदेश की नर्सें आज भी गृह जनपद में नियुक्ति, अस्पतालों में पालना घर, नर्सिंग देखभाल भत्ता, वेतन विसंगति, समयबद्ध पदोन्नति, एसीपी और आउटसोर्सिंग नियुक्तियों जैसी कई समस्याओं से जूझ रही हैं। उन्होंने कहा कि सरकार और स्वास्थ्य मंत्री के आश्वासनों के बावजूद इन मुद्दों का समाधान अभी तक नहीं हो पाया है। जब-जब नर्सेज को मंच और समाज में सम्मान मिलता है, उनका मनोबल और अधिक बढ़ता है। तमाम चुनौतियों के बावजूद भारतीय नर्सेज का विश्वास है कि आने वाले समय में उनकी समस्याओं का समाधान अवश्य होगा।




श्री बुद्धेश्वर उद्योग व्यापार मंडल की नई टीम को शपथ दिलाते लखनऊ व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र। अमृत विचार

### श्री बुद्धेश्वर उद्योग व्यापार मंडल की नई टीम ने ली शपथ

**अमृत विचार, लखनऊ :** श्री बुद्धेश्वर उद्योग व्यापार मंडल की नई टीम का सोमवार को शपथ ग्रहण समारोह हुआ। लखनऊ व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र ने अध्यक्ष अजय गुप्ता, वरिष्ठ महामंत्री अखिलेश यादव, कोषाध्यक्ष रवीश गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार, राजू शुक्ला एवं शिव कुमार यादव, उपाध्यक्ष अभिषेक जय गुप्ता, विमर्श कुमार एवं राजकुमार रावत, मंत्री प्रियांशू गुप्ता, सोनी शुक्ला एवं रिंकू शर्मा, संगठन मंत्री अर्नव तिवारी, अनवर अली, प्रचार मंत्री कमलेश कुमार, हिमांशू पाण्डेय को शपथ दिलाई। हिमांशु गुप्ता को श्री बुद्धेश्वर उद्योग व्यापार मंडल का चेयरमैन घोषित किया गया। लखनऊ व्यापार मंडल के महामंत्री उमेश शर्मा ने नवनिर्वाचित टीम को शुभकामनाएं दीं। चुनाव अधिकारी रामशंकर राजपूत, राशिद अली, राजेश शुक्ला, धर्मेन्द्र सिंह, ताराचंद्र रावत, देवीदास अग्रवाल, शिव प्रसाद पाण्डेय एवं इरशाद अहमद को अंगवस्त्र एवं माला पहनाकर सम्मानित किया गया।

## भ्रष्टाचार के खिलाफ खोला मोर्चा

- **प्रेसवार्ता में संघ ने ऑफलाइन ट्रांसफर का किया विरोध**
- **दवाएं, सेक्स सॉर्टेड सीमेन और स्लाटर हाउस पर सवाल**

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**

**अमृत विचार :** उप्र पशु चिकित्सा संघ ने अपने ही विभाग पर बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। सोमवार को बादशाहबाग निदेशालय स्थित संघ कार्यालय पर अध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार ने प्रेसवार्ता करके चिकित्सकों के ऑफलाइन ट्रांसफर पर सवाल उठाए।

उन्होंने कहा कि, शासनादेश के अनुसार उच्च अधिकारियों ने पशुपालन विभाग में ऑनलाइट ट्रांसफर व्यवस्था लागू नहीं की गई है। ऑफलाइन ट्रांसफर करके पैसे का खुला खेल चल रहा है। भ्रष्टाचार भी चरम पर है चाहे दवाओं की खरीद हो या सेक्स सॉर्टेड सीमेन की। दवाएं भी ऐसी खरीदी गईं जो खुले बाजार व मेडिकल स्टोर में नहीं मिलती हैं। दवा ब्रांडेड नहीं है न ही गुणवत्ता अच्छी है। सेक्स सॉर्टेड सीमेन की गुणवत्ता खराब है। इससे उत्तर प्रदेश में गायों की संख्या आधी हो गई है। जबकि अन्य राज्यों में गायों की संख्या बढ़ी है। जिन क्षेत्रों में स्लाटर हाउस हैं, वहां नियम विरुद्ध चिकित्सकों की ड्यूटी लगाई है, जो स्लाटर हाउस में बिना जाए आईडी पासवर्ड से काम करते हैं। उच्च अधिकारी पद भी नियम विरुद्ध अपने पास रखें हैं। इस बार किए गए ऑफलाइन ट्रांसफर को लेकर सोमवार को प्रदेशभर में विरोध किया गया। चिकित्सकों ने काली पट्टी बांधकर कार्य किया। मंगलवार से चिकित्सक हड़ताल करेंगे। सरकार से मांग है कि कार्रवाई करें।

### ईश्वर के साकार और निराकार दोनों रूप सत्य : मुक्तिनाथानन्द

**अमृत विचार, लखनऊ :** निरालानगर स्थित रामकृष्ण मठ में दिए प्रवचन में मठ के अध्यक्ष स्वामी मुक्तिनाथानन्द ने कहा कि रामकृष्ण परमहंस के उपदेश भारतीय आध्यात्मिक परम्परा में अद्वितीय स्थान रखते हैं। उन्होंने ईश्वर के साकार और निराकार दोनों स्वरूपों को समान और सत्य माना और कहा कि दोनों में कोई विरोध नहीं है। स्वामी मुक्तिनाथानन्द ने कहा कि रामकृष्ण परमहंस के विचार केवल दार्शनिक नहीं थे, वो अनुभव और साधना पर आधारित थे। यही कारण है कि उनके संदेश आज भी लोगों को आध्यात्मिक मार्ग पर प्रेरित करते हैं।

**सिटी डायरी**



बाइक चालक को हेलमेट पहनातीं स्वयं सेवक।

### श्री श्री रविशंकर के जन्मदिवस के पूर्व चलाया हेलमेट पहनो अभियान

**अमृत विचार, लखनऊ :** श्री श्री रविशंकर के 13 मई को होने वाले जन्मदिवस के उपलक्ष्य में द आर्ट ऑफ लिविंग लखनऊ के स्वयंसेवकों हेलमेट पहनो, जान बचाओ अभियान के अंतर्गत सोमवार को हनुमान मंदिर के निकट सैकड़ों दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट वितरण किया। इस दौरान चालकों को सड़क सुरक्षा में हेलमेट की उपयोगिता के बारे में जानकारी भी दी गई। आर्ट ऑफ लिविंग ब्यूरो कम्युनिकेशन के स्टेट मीडिया कोआर्डिनेटर शिवकुमार और नीरू शर्मा ने बताया कि अभियान का उद्देश्य लोगों को ये संदेश देना है कि हेलमेट केवल नियम पालन का साधन नहीं, बल्कि जीवन रक्षा का सुरक्षा कवच है। तनुज नारायन, नमिता उपाध्याय, अनिकेत जोशी, योगेश शर्मा, शिवम अग्रवाल, आलोक, सुमित, विशाल पाण्डेय, सिद्धार्थ मौजूद रहे।




नारेबाजी करते बैंक कर्मचारी।

### स्टेट बैंक कर्मियों ने किया प्रदर्शन

**अमृत विचार, लखनऊ :** आल इंडिया स्टेट बैंक ऑफ इंडिया स्टॉफ फेडरेशन के आह्वान पर सोमवार को लंबित मांगों को लेकर स्टेट बैंक कर्मचारियों ने अध्यक्ष अजय पांडे तथा महामंत्री डॉ. डीके सिंह के नेतृत्व में मुख्य शाखा के समक्ष प्रदर्शन किया। मंगलवार को काला मास्क पहनकर कार्य करेंगे। प्रदर्शन में उपाध्यक्ष अवधेश सिंह, आरपी सिंह, उपमहामंत्री आशुतोष वर्मा, तारकेश्वर चौहान, बृजेश कुमार तिवारी, लखनऊ पश्चिम व आकाश शर्मा एनसीबीई, अंकुर अग्रवाल, राकेश कुमार, दीपेंद्र कुमार, सतीश शुक्ल शामिल रहे। मीडिया प्रभारी अनिल तिवारी ने बताया 12 मई को कर्मचारी काला मास्क पहन कर कार्य करेंगे। 13 को वार्ता में हल न निकलने पर हड़ताल की जाएगी।



बैठक में मौजूद कायस्थ समाज के पदाधिकारी।

### कायस्थ समाज के पांच प्रत्याशी तय

**अमृत विचार, लखनऊ :** कायस्थ समाज 2027 के विधानसभा चुनावों में लखनऊ में पांच प्रत्याशी उतारेगा। सोमवार को होटल जयति ओएसिस इन इंदिरा नगर में नामों की घोषणा भी कर दी गई। मुख्य संयोजक व प्रदेश अध्यक्ष शेखर कुमार की मौजूदगी में कायस्थ समिति/संगठन के प्रतिनिधियों ने अंतिम निर्णय लिया। आनन्द प्रकाश श्रीवास्तव को मध्य विधानसभा क्षेत्र, मनोज कृष्ण श्रीवास्तव को उत्तरी विधानसभा क्षेत्र, अविनाश श्रीवास्तव को कैन्ट विधानसभा क्षेत्र, सुशील कुमार श्रीवास्तव को पश्चिमी विधानसभा क्षेत्र, ज्ञान प्रकाश श्रीवास्तव को सरोजनी नगर विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ेंगे। अनूप कुमार श्रीवास्तव, सुनील कुमार श्रीवास्तव, आलोक मौजूद रहे।



कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु। अमृत विचार

### कलश यात्रा निकाली

**अमृत विचार, आलमबाग :** आशियाना इलाके स्थित सेक्टर -के स्थित जगदम्बेश्वर शिव मंदिर प्रांगण में आस्था कृष्ण धाम ट्रस्ट की ओर से सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ सोमवार को कलश यात्रा के साथ हुआ। कलश यात्रा दौरान साध्वी ऋतंभरा सहित आयोजक आस्था कृष्णा धाम ट्रस्ट धाम के अध्यक्ष अधिवक्ता संतोष कुमार त्रिपाठी समेत आयोजक रविन्द्र यादव ट्रस्ट के अन्य सदस्यों एवं श्रद्धालु सम्मिलित रहे। 17 मई को भंडारे के साथ समापन होगा।

**धार्मिक आयोजन**

**उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने जारी किया महोत्सव- 2026 का पोस्टर**

# बलरामपुर गार्डेन में 16 से होगा श्रीराम हनुमत महोत्सव



महोत्सव का पोस्टर जारी करते उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक। अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**

**अमृत विचार :** हनुमत सेवा समिति की ओर से 16 और 17 मई को अशोक मार्ग स्थित बलरामपुर गार्डेन में श्रीराम हनुमत महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन शाम 4:30 बजे से रात 10 बजे तक होगा।

उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने सोमवार को श्रीराम हनुमत महोत्सव-2026 का पोस्टर जारी कर इस आध्यात्मिक अनुष्ठान की घोषणा की। इस आध्यात्मिक समारोह में कृष्ण कुमार चौरसिया के विश्वविख्यात हनुमत संग्रहालय का दर्शन करवाया जाएगा। इसके साथ ही लखनऊ में पहली बार छत्तीसगढ़ के रामनामी समुदाय से मिलने, और जानने का अवसर भी प्राप्त होगा। संयोजक विवेक पाण्डेय ने बताया कि मंच का संचालन प्रेम कांत तिवारी करेंगे।

उन्होंने बताया कि 16 मई को शाम 4:30 बजे मंगलाचरण के बाद 5 बजे मुम्बई के विश्वविख्यात भजन गायक प्रेम प्रकाश दुबे द्वारा हनुमान चालीसा का 21 स्वर सामूहिक पाठ किया जाएगा। इसके बाद शाम 7:15 बजे नैमिषारण्य (सीतापुर) के प्रख्यात कथावाचक कपिल शास्त्री द्वारा और देवता चित्त न धरई, हनुमंत सेई सर्व सुख करई... विषय पर विलक्षण व्याख्यान दिया जाएगा। रात 8 बजे विभिन्न क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए विभिन्न विभूतियों को हनुमंत कृपा सम्मान प्रदान किया जाएगा। रात 8:25 बजे मुम्बई के भजन गायक प्रेम प्रकाश दुबे एवं उनके दल द्वारा भजनों की अमृत वर्षा की जाएगी। 9:55 बजे ज्योति प्रार्थना एवं आरती के बाद प्रसाद एवं हनुमंत भंडारा होगा।

उन्होंने बताया कि 17 मई को दिल्ली निवासी अजय याज्ञनिक द्वारा सुंदरकांड का सस्वर सामूहिक पाठ किया जाएगा। रात 8:30 बजे अंतरराष्ट्रीय भजन गायक जय पांडे कोकिल एवं वरिष्ठ तबला वादक श्री पांडे द्वारा भजनों की मधुर प्रस्तुतियां भक्तों को आध्यात्मिकता से सराबोर करेगी। रात 10 बजे गंगा महाआरती के दर्शन होंगे। उसके बाद हनुमंत भंडारा होगा।

## सिटी ब्रीफ

### 1857 की गवाही देते रेजीडेंसी और मूसाबाग

**अमृत विचार, लखनऊ :** शिया पीजी कॉलेज में 10 मई 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की 169वीं वर्षगांठ की पूर्व संध्या पर व्याख्यान आयोजित किया गया। व्याख्यान में डॉ. रॉबिन वर्मा ने अवध में बेगम हजरत महल, राजा जय लाल सिंह और उदा देवी पासी के नेतृत्व में चले संघर्ष का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि अवध की विद्रोही सेना ने करीब आठ माह तक लखनऊ में अंग्रेजी सेना का डटकर मुकाबला किया। आज भी रेजीडेंसी, मूसाबाग और चिनहट जैसे स्थान 1857 के संघर्ष की गवाही देते हैं। डॉ. मीसम मुबारक, डॉ. प्रदीप शर्मा, प्रो. सै. मेहदी अब्बास जैदी, डॉ. तरुण कांत त्रिपाठी, डॉ. हुज्जत रजा, डॉ. मेनका गिरी, डॉ. अली मेहदी, डॉ. जेबा मेहदी, अभिषेक श्रीवास्तव, राजकुमार सैनी, धर्मेन्द्र कुमार, विकास कश्यप, इल्तेमाश हुसैन और शबाब हुसैन सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### वर्तमान में अपराधों का स्वरूप हुआ वैश्विक

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग अंतर्गत संचालित क्रिमिनोलॉजी एवं क्रिमिनल जस्टिस एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम की ओर से शुक्रवार को इमर्जिंग ट्रेंड्स इन ट्रांसनेशनल क्राइम एंड प्रिवेंटिव सिक्योरिटी मेकेनिज्म विषयक इमर्जिंग तकनीकी कार्यशाला आयोजित की गई। मुख्य वक्ता बीएसएफ की 86वीं बटालियन के डिप्टी कमांडेंट आलोक मिश्रा ने कहा कि वर्तमान समय में अपराधों का स्वरूप वैश्विक हो चुका है, जिससे निपटने के लिए तकनीकी दक्षता, खुफिया समन्वय और सामुदायिक सहयोग आवश्यक है। विभागाध्यक्ष प्रो. राकेश द्विवेदी, डॉ. रणविजय सिंह और डॉ. ओमेंद्र कुमार यादव सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यशाला में बीए एवं एमए क्रिमिनोलॉजी के छात्र-छात्राओं, शोधार्थियों और एनसीसी कैडेट्स ने बड़ी संख्या में सहभागिता की। विद्यार्थियों ने विशेषज्ञ से विभिन्न विषयों पर प्रश्न पूछकर संवाद भी किया।

### पीएचडी के 10 विषयों का परिणाम जारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय ने पीएचडी प्रवेश परीक्षा सत्र 2025-26 के तहत 10 विषयों की प्रोविजनल वरिष्ठता सूची जारी कर दी है। अभ्यर्थी इसे विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर अपना परिणाम देख सकते हैं। जारी सूची में इंस्टीट्यूट ऑफ टूरिज्म स्टडीज, फिलॉसफी, जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन, एनवायरनमेंट साइंस, एंथ्रोपोलॉजी, अरब कल्चर, एप्लाइड इकोनॉमिक्स, केमिस्ट्री, लाइब्रेरी एंड इंफॉर्मेशन साइंस और जियोलॉजी विषय शामिल हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार अभ्यर्थी मेरिट सूची और अन्य विवरण विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर देख सकते हैं।

### एलयू के 40 छात्रों का हुआ विप्रो में चयन

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर स्थित ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल की ओर से आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में विश्वविद्यालय और संबद्ध कॉलेजों के 40 छात्र-छात्राओं का प्रतिष्ठित आईटी कंपनी विप्रो में चयन हुआ है। चयनित विद्यार्थियों को कस्टमर सर्विस रिप्रेजेंटेटिव पद पर अधिकतम 3.75 लाख रुपये वार्षिक सीटीसी का पैकेज मिलेगा। अभियांत्रिकी संकाय के प्लेसमेंट सेल इंचार्ज डॉ. हिमांशु पाण्डेय ने बताया कि चयन प्रक्रिया में प्री-प्लेसमेंट टॉक, एचआर स्क्रीनिंग, वॉइस एंड एक्सेंट राउंड तथा फाइनल इंटरव्यू शामिल थे। इसमें विश्वविद्यालय परिसर से 23 और संबद्ध महाविद्यालयों से 17 छात्र-छात्राओं ने सफलता प्राप्त की। कुलपति प्रो. जेपी सैनी और ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के चेयरमैन प्रो. एसपी सिंह ने विद्यार्थियों को बधाई दी।

### समारोह में सीएमएस के छात्रों का सम्मान

**अमृत विचार, लखनऊ :** सिटी मोन्टेसरी स्कूल द्वारा गोमती नगर एक्सटेंशन कैम्पस ऑडिटोरियम में 'शिक्षक धन्यवाद समारोह' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन उच्चशिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने किया। इस मौके पर जोसेफ इमैनुअल और डॉ. विक्रम सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। समारोह में आईएससी एवं आईसीएसई बोर्ड परीक्षा-2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। 99.80 प्रतिशत तक अंक अर्जित कर राष्ट्रीय स्तर पर स्थान पाने वाले 19 छात्रों को एक-एक लाख रुपये तथा 99 प्रतिशत से अधिक अंक पाने वाले 43 छात्रों को 21-21 हजार रुपये के चेक प्रदान किए गए।

# पुलिस बैडमिंटन में सीआरपीएफ-सीआईएसएफ चैंपियन

## पुरुष वर्ग में सीआरपीएफ और महिला वर्ग में सीआईएसएफ ने जीता खिताब, टेबल टेनिस में भी यूपी के खिलाड़ियों ने दिखाया दम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ


पुरुष वर्ग में तीसरा स्थान हासिल करने वाली यूपी पुलिस की टीम। अमृत विचार


महिला वर्ग में दूसरा स्थान हासिल करने वाली पुलिस टीम। अमृत विचार

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश बैडमिंटन अकादमी में सोमवार को खेले गए ऑल इंडिया पुलिस बैडमिंटन चैंपियनशिप के टीम मुकाबलों में सीआरपीएफ की पुरुष और सीआईएसएफ की महिला टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम कर लिया। वहीं मेजबान उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों ने भी दमदार खेल दिखाते हुए पुरुष वर्ग में तीसरा और महिला वर्ग में दूसरा स्थान हासिल किया।

पुरुष वर्ग के रोमांचक फाइनल मुकाबले में सीआरपीएफ ने असम राइफल्स को 2-0 से हराकर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। एकल मुकाबले में सीआरपीएफ के भारत ने हरिओम को 15-10, 15-7 से मात दी। इसके बाद युगल मुकाबले में भारत और निखिल की जोड़ी ने अवधेश और विनय को 15-11, 15-11 से शिकस्त देकर टीम को खिताब दिलाया।

महिला वर्ग के फाइनल में सीआईएसएफ ने मेजबान उत्तर प्रदेश को 2-0 से हराकर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। अंशी रावत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पहले एकल मुकाबले में सिमरन चौधरी को हराया और फिर माही सेन के साथ युगल मुकाबले में भी जीत दर्ज कर टीम की जीत सुनिश्चित की।

उधर, यूपी टीटी कॉम्पलेक्स में चल रही टेबल टेनिस प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। महिला युगल के 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में गुनगुन साहू और सृष्टि जायसवाल की जोड़ी ने मणिपुर को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। वहीं 40 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में सहर महबूब और अर्चना की जोड़ी ने मिजोरम को शिकस्त देकर अंतिम चार में प्रवेश किया।

महिला एकल में सृष्टि जायसवाल, रानी सिंह, रोमी और गुनगुन साहू ने शानदार खेल दिखाते हुए प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। पुरुष वर्ग के 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में राहुल चौधरी, अरशद और सुब्रत राज ने अंतिम 16 में प्रवेश किया। वहीं 50 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में जीतेंद्र सिंह और महेश चंद्र पांडेय ने भी शानदार जीत दर्ज कर प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

### गुलशन का भारतीय पैरा जूडो टीम में चयन

**अमृत विचार, लखनऊ :** भारतीय पैरा जूडो की 13 सदस्यीय टीम आईबीएसए जूडो ग्रांड प्री में हिस्सा लेने के लिए अस्ताना (कजाकिस्तान) पहुंच गई है। प्रतियोगिता से पहले खिलाड़ियों का प्रशिक्षण शिविर लखनऊ स्थित इंडियन पैरा जूडो एकेडमी में आयोजित किया गया। शिविर का संचालन स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया और पैरालम्पिक कमेटी ऑफ इंडिया के सहयोग से हुआ।


एसोसिएशन के उपाध्यक्ष सुधीर हलवासिया ने बताया कि भारतीय दल में नौ खिलाड़ी और चार अधिकारी शामिल हैं। टीम में उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, मिजोरम, हरियाणा, महाराष्ट्र और दिल्ली के खिलाड़ी शामिल हैं। उत्तर प्रदेश की खिलाड़ी गुलशन का भारतीय टीम में चयन प्रदेश के लिए गौरव की बात है।

टीम में कपिल परमार, देवेन्द्र यादव, डेविड लालरेमरूता, बिजेन्दर, कोकिला, डिम्पल, रेनुका नारायण साल्वे, अविधा शर्मा और गुलशन शामिल हैं।

# इकाना में धोनी को लेकर सस्पेंस 15 मई पर टिकी फैंस की नजरें

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सीएसके-एलएसजी मुकाबले से पहले बढ़ी हलचल



**अमृत विचार :** 15 मई को इकाना स्टेडियम में होने वाले लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) और चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) के मुकाबले से पहले क्रिकेट प्रेमियों में जबरदस्त उत्साह है। लेकिन सबसे बड़ा सवाल महेंद्र सिंह धोनी की मौजूदगी को लेकर बना हुआ है। उनके खेलने को लेकर संशय के चलते फैंस की धड़कनें तेज हो गई हैं।

सूत्रों के अनुसार धोनी नेट्स पर अभ्यास कर रहे हैं और फिट नजर आ रहे हैं, लेकिन पिछले मुकाबले में उनके मैदान पर नहीं उतरने से अटकलें और बढ़ गई हैं। यदि 15 मई को इकाना में 'थाला' नहीं दिखे, तो हजारों प्रशंसकों को निराशा हो सकती है। इसका असर टिकटों की मांग और स्टेडियम के माहौल पर भी पड़ सकता है।

सीएसके के लिए धोनी की मौजूदगी केवल बल्लेबाजी तक सीमित नहीं है, बल्कि उनका अनुभव टीम के लिए मानसिक मजबूती का बड़ा आधार माना जाता है। वहीं एलएसजी और सीएसके दोनों टीमों की तैयारियां तेज हैं। एलएसजी सोमवार को लखनऊ पहुंच चुकी है और 13 मई को अभ्यास करेगी, जबकि सीएसके की टीम भी 13 मई को लखनऊ पहुंचेगी। 14 मई को दोनों टीमें इकाना में अभ्यास कर रणनीति को अंतिम रूप देंगी।

# एलएसजी प्लेऑफ की दौड़ से बाहर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- कप्तान ऋषभ पंत समेत बड़े सितारे रहे फ्लॉप
- बल्लेबाजों की नाकामी और गेंदबाजों के लचर प्रदर्शन से टूटी उम्मीदें
- बड़े खिलाड़ियों का लगातार खराब प्रदर्शन बना हार की वजह



**अमृत विचार :** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल)-26 में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) का सफर बेहद निराशाजनक रहा और टीम प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गई। पूरे सीजन में बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों ही विभाग उम्मीदों पर खरे नहीं उतर सके। टीम के प्रमुख खिलाड़ी लगातार दबाव वाले मुकाबलों में फेल साबित हुए।

**कप्तान पंत समेत बल्लेबाजों का निराशाजनक प्रदर्शन:** कप्तान ऋषभ पंत पूरे टूर्नामेंट में लय हासिल नहीं कर सके और 11 मैचों में केवल 251 रन बनाए। मिचेल मार्श ने 377 रन बनाए, लेकिन अहम मौकों पर बड़ी पारी नहीं खेल पाए। निकोलस पूरन का प्रदर्शन भी बेहद साधारण रहा और उन्होंने 184 रन बनाए। एडेन मार्कराम ने 231 रन बनाए, लेकिन टीम को संकट से उबारने में नाकाम रहे। लगातार अस्थिर बल्लेबाजी के कारण टीम बड़े स्कोर खड़ा नहीं कर सकी।

**गेंदबाजी भी रही कमजोर कड़ी:** गेंदबाजी विभाग भी पूरी तरह प्रभावी नहीं रहा। मोहम्मद शमी ने 11 मैचों में 9 विकेट लिए, लेकिन इकोनॉमी 8.67 रही। आवेश खान ने 7 मैचों में 6 विकेट लिए, जबकि उनकी इकोनॉमी 11.06 रही। डीएस राठी ने 5 विकेट लिए, लेकिन 10.00 की इकोनॉमी से रन लुटाए। गेंदबाजों की कमजोर गेंदबाजी का विपक्षी टीमों ने फायदा उठाया।

पूरे सीजन में टीम का संतुलन बिगड़ा रहा और बल्लेबाजी व गेंदबाजी की कमजोरियों के चलते एलएसजी प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गई।

**सीजन में एलएसजी का प्रदर्शन**

- मिचेल मार्श : 377 रन
- ऋषभ पंत : 251 रन
- एडेन मार्कराम : 231 रन
- निकोलस पूरन : 184 रन
- मोहम्मद शमी : 9 विकेट (इकोनॉमी 8.67)
- आवेश खान : 6 विकेट (इकोनॉमी 11.06)
- डीएस राठी : 5 विकेट (इकोनॉमी 10.00)

# पैरा शूटिंग वर्गीकरण प्रणाली को नई मजबूती

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) के ऑर्थोपेडिक्स विभाग की ओर से एपेक्स ट्रॉमा सेंटर में पैरा शूटिंग में प्रथम राष्ट्रीय तकनीकी एवं चिकित्सा वर्गीकरण पाठ्यक्रम का आयोजन किया गया। तीन दिवसीय इस कार्यक्रम का उद्देश्य भारत की पैरा शूटिंग वर्गीकरण प्रणाली को अधिक सशक्त, पारदर्शी और अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप बनाना रहा।

एडीशनल प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष ऑर्थोपेडिक्स विभाग डॉ. पुलक शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन एसजीपीजीआई के निदेशक प्रोफेसर आरके धीमन के मार्गदर्शन में किया गया।

इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में देशभर से विशेषज्ञ, चिकित्सक और तकनीकी प्रतिनिधि शामिल हुए। एसजीपीजीआई पूर्व छात्र संघ और गर्व फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित इस पाठ्यक्रम ने पैरा खेलों के क्षेत्र में साक्ष्य-आधारित और संरचित वर्गीकरण प्रणाली को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया।

प्रशिक्षण के दौरान मांसपेशियों की ताकत, गति की सीमा, समन्वय, धड़ नियंत्रण और न्यूनतम विकलांगता मानदंड जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर मूल्यांकन किया गया। कार्यक्रम में भारतीय पैरालंपिक समिति के पैरा शूटिंग अध्यक्ष जयप्रकाश नौटियाल, तकनीकी विशेषज्ञ चरणजीत सिंह घुमन और चिकित्सा वर्गीकरण विशेषज्ञ डॉ. गुरंचल पवार सहित कई अनुभवी विशेषज्ञों ने सत्रों का संचालन किया।

# व्हीलचेयर क्रिकेट में यूपी तीसरी बार बना चैंपियन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- फाइनल में हरियाणा को 5 रन से हराया
- अनिल सिंघानिया बने मैन ऑफ द मैच




**अमृत विचार :** ग्रेटर नोएडा में आयोजित पांचवीं राष्ट्रीय व्हीलचेयर क्रिकेट चैंपियनशिप के रोमांचक फाइनल मुकाबले में उत्तर प्रदेश ने हरियाणा को पांच रन से हराकर खिताब अपने नाम कर लिया। कप्तान सोमजीत सिंह की अगुवाई में उत्तर प्रदेश की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीसरी बार राष्ट्रीय चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया।

फाइनल मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए उत्तर प्रदेश ने निर्धारित 20 ओवर में नौ विकेट के नुकसान पर 191 रन बनाए। टीम के बल्लेबाजों ने आक्रामक खेल दिखाते हुए मजबूत स्कोर खड़ा किया। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी हरियाणा की टीम ने अंत तक संघर्ष किया, लेकिन 20 ओवर में आठ विकेट पर 186 रन ही बना सकी और उत्तर प्रदेश ने मुकाबला पांच रन से जीत लिया।

उत्तर प्रदेश के अनिल सिंघानिया को उनके शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। उन्होंने महत्वपूर्ण 27 रन बनाने के साथ दो विकेट भी हासिल किए। जीत के बाद कप्तान सोमजीत सिंह ने इस सफलता का श्रेय टीम के सामूहिक प्रदर्शन, मेहनत और संघर्ष को दिया।

# जसबीर सिंह क्रिकेट लीग शुरू

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- एसएमआर क्रिकेट एकेडमी ने 279 रन से दर्ज की बड़ी जीत
- आदर्श वर्मा ने 160 रन की विस्फोटक पारी खेली

**अमृत विचार :** क्रिकेट एसोसिएशन लखनऊ (सीएएल) की देखरेख में सोमवार से स्व. जसबीर सिंह मेमोरियल अंडर-19 क्रिकेट लीग का शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन पूर्व रणजी खिलाड़ी अशोक बाम्बी ने किया। इस मौके पर सीएएल के संयुक्त सचिव नईम चिश्ती, विकास पांडेय, पीआरओ अभिजीत सिन्हा और राकेश सिंह मौजूद रहे।

पहले दिन एसएमआर क्रिकेट एकेडमी, सीएएल ग्रे, ट्रायम्फ क्रिकेट एकेडमी, केवाई स्पोर्ट्स क्लब और यॉर्कर क्लब ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर पूरे अंक हासिल किए। ब्लेज विलो गोसाईगंज ग्राउंड पर एसएमआर क्रिकेट एकेडमी ने सीएएल पिंक को 279 रन से हराया। एसएमआर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 40 ओवर में आठ विकेट पर 381 रन बनाए। आदर्श वर्मा ने 80 गेंदों में 160 रन की विस्फोटक पारी खेली, जिसमें 18 चौके और 10 छक्के शामिल रहे। नितिन वर्मा ने 50 रन बनाए। जवाब में सीएएल पिंक की टीम 102 रन पर सिमट गई। जय पी सिंह ने चार विकेट लिए।

सूर्या ग्राउंड पर सीएएल ग्रे ने सीएएल व्हाइट को तीन विकेट से हराया। सीएएल व्हाइट ने 226 रन बनाए, जिसमें शिवम सिंह ने 100 रन की पारी खेली। जवाब में यशराज नारायण के 83 रन की मदद से सीएएल ग्रे ने लक्ष्य हासिल कर लिया।

एसएआर क्रिकेट ग्राउंड पर ट्रायम्फ क्रिकेट एकेडमी ने कल्पना क्रिकेट फाउंडेशन को पांच विकेट से हराया। द्रव्या कुशवाहा ने 112 रन बनाए, जबकि ट्रायम्फ की ओर से शिवा पटेल ने 64 और अब्दुल काशिफ ने 53 रन की पारी खेली।

प्लेफिट ग्राउंड पर केवाई स्पोर्ट्स क्लब ने केडी सिंह बाबू स्पोर्ट्स क्लब को 133 रन से हराया। वहीं सिंड्रा ग्राउंड पर यॉर्कर क्लब ने यूथ क्रिकेट क्लब को छह विकेट से शिकस्त दी।

**जैविक कीट नियंत्रण** | लखनऊ विश्वविद्यालय की परियोजना को चार लाख रुपये की मंजूरी

# मित्र कीटों से फसलों की सुरक्षा पर होगा शोध

- लेडीबर्ड बीटल के जरिए हानिकारक कीट नियंत्रण पर अध्ययन
- एक शोध परियोजना को चार लाख रुपये की मंजूरी मिली

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



**अमृत विचार :** लखनऊ विश्वविद्यालय का जंतु विज्ञान विभाग रासायनिक कीटनाशकों के विकल्प के रूप में जैविक कीट नियंत्रण की नई तकनीक विकसित करने पर काम करेगा। उत्तर प्रदेश सरकार के 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' कार्यक्रम के तहत विभाग की एक शोध परियोजना को चार लाख रुपये की मंजूरी मिली है।

परियोजना में 'मित्र कीट' मानी जाने वाली लेडीबर्ड बीटल के प्राकृतिक रासायनिक संकेतों के माध्यम से हानिकारक कीटों को नियंत्रित करने की संभावनाओं का अध्ययन किया जाएगा। विभाग की सहायक आचार्या डॉ. तृप्ति यादव के नेतृत्व में होने वाले इस शोध को समेकित कीट प्रबंधन प्रणाली के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

अध्ययन में यह पता लगाया जाएगा कि लेडीबर्ड बीटल द्वारा छोड़ी गई गंध और रासायनिक अवशेष माहू और लाही जैसे कीटों के व्यवहार, भोजन ग्रहण करने की प्रवृत्ति, विकास और प्रजनन दर को किस तरह प्रभावित करते हैं। वैज्ञानिकों का मानना है कि लेडीबर्ड की मौजूदगी से उत्पन्न भय भी हानिकारक कीटों की संख्या कम करने में सहायक हो सकता है।

प्रारंभिक प्रयोगशाला अध्ययनों में लेडीबर्ड बीटल के अर्क के संपर्क में आने पर एफिड्स की जीवित रहने की क्षमता में कमी और उनके व्यवहार में बदलाव देखा गया है। विशेषज्ञों के अनुसार यह शोध पर्यावरण-अनुकूल बायो-पेस्टिसाइड विकसित करने में मददगार साबित हो सकता है।

## सिटी डायरी


पदयात्रा निकालते विद्यार्थी।

### महाराणा प्रताप जयंती पर छात्रों ने निकाली पदयात्रा

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय में शुक्रवार को महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर छात्रों ने पदयात्रा निकालकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। विवेकानंद द्वार से शुरू हुई पदयात्रा विश्वविद्यालय परिसर से होते हुए छात्रसंघ भवन पहुंची, जहां छात्रों ने महाराणा प्रताप के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। इस दौरान छात्रों ने विश्वविद्यालय के मुख्य कुलानुशासक को ज्ञापन सौंपकर परिसर में महाराणा प्रताप की प्रतिमा स्थापित करने की मांग की। छात्र नेता जतिन शुक्ला ने कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन स्वाभिमान और स्वावलंबन का प्रतीक है। आलोक मिश्रा ने कहा कि उनका संघर्ष और देशप्रेम युवाओं को प्रेरित करता है। मंगेश यादव ने कहा कि महाराणा प्रताप ने विपरीत परिस्थितियों में भी प्रजा हित को सर्वोपरि रखा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र मौजूद रहे।


ट्रॉफी के साथ विजयी खिलाड़ी।

### विदित, सिया और तेजस बने चैंपियन

**अमृत विचार, लखनऊ :** अयोध्या रोड स्थित प्ले एंड फ़िट टेनिस अकादमी में स्प्रिंग ग्रीन्स रेजिडेंशियल वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से 9 से 11 मई तक अंडर-10, अंडर-12 और अंडर-16 वर्ग की स्प्रिंग ग्रीन्स प्राइज मनी टेनिस टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने उत्साह और खेल भावना के साथ भाग लिया। अंडर-10 वर्ग में विदित खंडेलवाल विजेता और अविरल चतुर्वेदी उपविजेता रहे। अंडर-12 में सिया सिंह ने खिताब जीता, जबकि अभिराज राजपूत उपविजेता बने। वहीं अंडर-16 वर्ग में तेजस सिंह विजेता और रिद्धिमान राजपूत उपविजेता रहे। सभी खिलाड़ियों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। विजेताओं को 2,100 और उपविजेताओं को 1,100 रुपये की नकद राशि प्रदान की गई।


कार्यक्रम में शामिल प्रतिभागी।

### लोहिया संस्थान में हुई प्रतियोगिताएं

**अमृत विचार, लखनऊ :** कॉलेज ऑफ नर्सिंग, डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में अंतर्राष्ट्रीय नर्सेस सप्ताह के तहत विविध शैक्षणिक एवं रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। वाद-विवाद प्रतियोगिता में 8 प्रतिभागियों ने पक्ष-विपक्ष में अपने विचार रखे। रील मेकिंग प्रतियोगिता में 7 टीमों के 26 विद्यार्थियों ने अंगदान जागरूकता पर आधारित रील्स बनाईं। वहीं पोस्टर प्रतियोगिता में 12 विद्यार्थियों ने स्वास्थ्य जागरूकता विषय पर आकर्षक पोस्टर प्रस्तुत किए। सभी प्रतियोगिताओं का मूल्यांकन विशेषज्ञ निर्णायक मंडल ने किया। परिणाम मंगलवार को नर्सेस डे समारोह में घोषित होंगे।


शिविर में आए मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण करते चिकित्सक।

### 140 लोगों की हुई जांच

**अमृत विचार, लखनऊ :** बोरा फाउंडेशन एवं सेवा अस्पताल के संयुक्त तत्वावधान में अन्ना मार्केट, फैजुल्लागंज में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों ने मरीजों की ब्लड प्रेशर, शुगर, वजन और सामान्य शारीरिक जांच की। इस दौरान 74 पात्र लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड भी बनाए गए। कुल 140 लोगों ने जांच कराकर परामर्श लिया। चिकित्सकों ने मौसमी बीमारियों से बचाव और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के सुझाव दिए।